दैनिक **सांध्य प्रकाश** भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 194/ पृष्ठ 8 / मूल्य 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 12 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित






मकर सक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं


# महाकुंभ में माघी पूर्णिमा पर महास्नान

## 1.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



## 10 किमी तक भीड़, हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए



**प्रयागराज।** महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ है। संगम से 10 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। प्रशासन के मुताबिक, सुबह 10 बजे तक 1.30 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि आज 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं।

संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आइएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं।इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अफसर हैं।

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, माघ पूर्णिमा स्नान का मुहूर्त शाम 7.22 मिनट तक रहेगा। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद कर दिया गया है। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो जाएगा। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी घर लौटेंगे।

महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इससे पहले 4 स्नान पर्व हो चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक करीब 46 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।प्रयागराज छरूरवींद्र कुमार मंदार ने कहा- माघी पूर्णिमा का स्नान कल रात से ही सुरक्षित तरीके से हो रहा हैष। श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं।

### मुकेश अंबानी ने 4 पीढ़ियों के साथ संगम में लगाई डुबकी



देश के जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट मुकेश अंबानी अपनी चारों पीढ़ियों के साथ आस्था के महापर्व महाकुंभ पहुंचे और पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी भी लगाई. उनके साथ उनकी चार पीढियां भी कुंभ नगरी पहुंचीं। मां कोकिला बेन, बेटे-बहू आकाश-श्लोका और अनंत-राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी-वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज की उपस्थिति में मां गंगा की पूजा अर्चना की।त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों और तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी।

## अमेरिकी दौरे से पहले पीएम मोदी के विमान पर हमले की धमकी, मुंबई पुलिस की हिरासत में संदिग्ध




मुंबई। प्रधानमंत्री फ्रांस दौरे पर हैं, इसके बाद वो अमेरिका जाने वाले हैं। अब पीएम के विमान को उनके दो दिवसीय अमेरिकी दौरे से पहले आतंकी हमले की धमकी मिली है।11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की। मुंबई पुलिस ने इस मामले में कहा, जिस व्यक्ति ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा कॉल किया था, उसे चेंबूर इलाके से हिरासत में ले लिया गया है। वह मानसिक रूप से बीमार है।

# प्रधानमंत्री मोदी-इमैनुएल मैक्रों मार्से पहुंचे

### थर्मोन्यूक्लियर प्रोजेक्ट का दौरा करेंगे, सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे; भारत में होगी अगली एआई समिट



पेरिस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार देर रात मार्से पहुंचे। पीएम मोदी यहां इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर प्रोजेक्ट का दौरा करेंगे। इसके अलावा वर्ल्ड वॉर के दौरान जान गंवाने भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारग्यूज वॉर सिमेट्री भी जाएंगे। पीएम मोदी ने मार्से पहुंचने के बाद सावरकर को याद किया। उन्होंने ङ्क पर पोस्ट किया कि, यह शहर भारत की स्वतंत्रता में विशेष महत्व रखता है। दरअसल सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्से के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी और तैरकर तट तक पहुंचे गए। मार्से में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

### भारत में अद्भुत अवसर, गूगल सीईओ ने एआई पर पीएम मोदी से की बात



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने एआई के जरिए भारत में अद्भुत अवसरों की बात की, पीएम मोदी से की मुलाकात

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने पेरिस में एआई एक्शन समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा लाए जाने वाले अद्भुत अवसरों पर प्रकाश डाला।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरु रविदास को किया नमन




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा है कि सामाजिक सौहार्द , सद्भावना और आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण संत रविदास जी की उत्कृष्ट रचनाओं और शिक्षाओं ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संत शिरोमणि के विचारों को राज्य सरकार समाज सेवा का मंत्र मानते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।.

**मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती पर उनका स्मरण किया** - मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आर्य समाज के संस्थापक, शुद्धि आंदोलन के प्रणेता और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती पर उनका स्मरण किया।

**माघ पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं**- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने लोक आस्था के पर्व माघ पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने दान- धर्म -स्नान के इस पावन पर्व पर सभी के जीवन में सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि भगवान विष्णु और मां गंगा से सबके जीवन में मंगल और कल्याण की प्रार्थना है।

## देश-दुनिया के इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करेंगे मुख्यमंत्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली के ताजमहल होटल में इंवेस्ट एमपी के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम में देश-विदेश के निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे. निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल कर आगामी ग्लोबल समिट के नवाचारों से अवगत कराएंगे. मुख्यमंत्री यादव निवेशकों के साथ रू-ब-रू होकर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं प्रतिबद्धता से अवगत कराएंगे।

## कुणाल और रिद्धि के विवाह में शिवराज ने आज अपने पूर्वजों को आमंत्रित किया



जिनके कारण आज हमारा अस्तित्व है, वे न होते तो हम भी न होते। उन्हें हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। मांगलिक कार्यक्रम और शुभ अवसरों पर हम उन्हें सदैव याद रखें, उन्हें कृतज्ञता ज्ञापित करें। इसलिए शुभ विवाह के अवसर पर पुरखों को निमंत्रण देना हमारी सनातन एवं पारिवारिक परंपराएं हैं।

हमारे पूर्वज-पुरखें, सृष्टि में किसी न किसी रूप में उपस्थित हैं, आत्मा कभी भटकती नहीं हैं, वह अजर, अमर हैं। हमारी प्रार्थना सुनकर वे आशीर्वाद देने पधारते हैं, ये हमारी मान्यता है। इसलिए आज उन्हें सादर निमंत्रण दिया है। उनको स्वर्ग से आने के लिए प्रतीकात्मक लकड़ी की सीढ़ी भी लगाई है।

आज माय कोठी की पूजा भी संपन्न हुई है, पूर्वजों की पूजा कर उन्हें चावल डालकर नाम ले-लेकर आमंत्रित किया है। ये हमारा विश्वास है कि वे आशीर्वाद देने अवश्य पधारेंगे।

अपने पूर्वजों का स्मरण रखने हेतु उनको कृतज्ञता ज्ञापित करने की अद्भुत परंपरा है ये... इसका निर्वहन कर आज हम धन्य हुए।

इसके साथ कुणाल को हल्दी लगाकर परंपरागत रस्म को भी पूरा किया गया। विवाह की रस्में प्रारंभ हो गई है इसलिए अब कुणाल घर से बाहर जाएंगे तो साथ में छोटी सी कटार जेब में लेकर ही जाएंगे।

सनातन परंपरा का पालन करते हुए वैवाहिक कार्यक्रम चल रहे हैं।

## बागेश्वर धाम जाएंगे पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। वहीं 26 फरवरी को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू बागेश्वर धाम में 251 कन्याओं के विवाह महोत्सव में शामिल हो सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम पहुंचेंगे, जहां वे कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करेंगे। यह अस्पताल तीन वर्षों में 100 बेड के साथ तैयार होगा और 2028 तक इसमें पूर्ण रूप से उपचार शुरू किया जाएगा। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के अनुसार, इस अस्पताल का निर्माण मंदिर में चढ़ोत्तरी और दानदाताओं के सहयोग से किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी इस ऐतिहासिक पहल में शामिल होने के लिए विशेष रूप से बागेश्वर धाम आ रहे हैं। 26 फरवरी को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू बागेश्वर धाम में आयोजित 251 कन्याओं के विवाह महोत्सव में सम्मिलित होंगी। इनमें से 108 कन्याएं आदिवासी समुदाय से हैं।

राष्टपति नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के




### मढ़ई पर्यटन स्थल अब प्लास्टिक मुक्त

## आज से वाइल्ड लाइफ पार्क में प्लास्टिक की बॉटल और पॉलीथिन प्रतिबंधित

सोहगपुर। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई वाइल्ड लाइफ पार्क को प्लास्टिक और पालीथीन मुक्त कर दिया गया है, आज बुधवार से सिंगल यूज प्लास्टिक यहां पूर्णतया प्रतिबंधित हो जाएगा। अब जंगल सफारी करने वाले पर्यटक जंगल मे सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतल साथ नही ले जा सकते , इसको लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई है।

इसके पूर्व पचमढ़ी में भी सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक की पानी की बोतलों पर प्रतिबंध लग चुका है। दरअसल इको सिस्टम को नुकसान न हो इसको लेकर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा ये निर्णय लिया गया है , बता दे कि एसटीआर के कोर एरिया जो कि सेंसिटिव जोन कहा जाता है मैं किसी भी प्रकार की असावधानी न हो इसको लेकर ख्याल रखा जा रहा है। अब एसटीआर के मढ़ई वाइल्ड लाइफ पार्क में वाइल्ड लाइफ को नजदीक से देखने वाले पर्यटकों को टिकट काउंटर पर ही प्लास्टिक की बॉटल या पालीथीन को जमा करना होगा , पार्क प्रबंधन द्वारा जंगल मे पानी ले जाने के लिए स्टील , एल्युमिनियम की बॉटल ओर कपड़े के थैले उपलब्ध कराएगा, जिसकी तैयारी भी पूरी हो चुकी है। बॉटल को पर्यटक किराए से लेने के साथ साथ खरीद भी सकते है। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ साथ एसटीआर प्रबंधन द्वारा हर संभव प्रयास कर रहा है वही ईको सिस्टम को कोई नुकसान न हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा है। एसटीआर के कामती पार्क रेंज के ऑफिसर प्रेम नारायण ठाकुर ने जानकारी देकर बताया है बुधवार से अब पर्यटक प्लास्टिक बॉटल सिंगल यूज पॉलीथिन जंगल मे नही ले जा सकते , अब एंट्री गेट पर ही प्लास्टिक बॉटल पॉलीथिन आदि को जमा करा लिया जाएगा।




## राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन



**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का आज लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। उन्हें 3 फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था और स्ट्रोक आने के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। पीजीआई निदेशक डॉक्टर आरके धीमान के मुताबिक, डॉक्टरों निगरानी में लगातार उनका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक के अलावा सत्येंद्र दास को कई अन्य बीमारियां भी थीं। काफी प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कुछ दिन पहले पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछा था।राम मंदिर ट्रस्ट ने सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया है। रामनगरी के मठ मंदिरों में भी शोक की लहर है। बीते दिनों स्वास्थ्य खराब होने के बाद पीजीआई में भर्ती कराए गए थे।

## विजय मनोहर तिवारी विवि के कुलपति नियुक्त



**भोपाल।** निखिल बंगलो निवासी लेखक-पत्रकार विजय मनोहर तिवारी माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के नए कुलपति बने हैं। 25 साल तक सक्रिय मीडिया में रहे तिवारी इसी विवि के दूसरे बैच के टॉपर हैं। विभिन्न विषयों पर उनकी 12 किताबें छपी हैं। इनमें यात्रा वृत्तांत भारत की खोज में मेरे पाँच साल एक चर्चित दस्तावेज है। 2018 में उन्हें राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया था और इन दिनों वे एक गाँव में रिवर्स माइग्रेशन की पहल पर आधुनिक बागवानी के प्रयोग कर रहे हैं। वे भारत भवन के न्यासी और मप्र वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य भी हैं। विदिशा जिले के ऐतिहासिक उदयपुर में जनभागीदारी से विरासत के संरक्षण के लिए उन्हें 2022 में शासन ने मप्र गौरव सम्मान के लिए भी चुना। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विवि की महापरिषद के प्रमुख हैं.

# तमिल समाज ने भगवान कार्तिकेय का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

तमिल समाज के द्वारा भगवान कार्तिकेय का प्रकटोत्सव मनाया गया,इसे फागुनी उत्तम तिरिया पर्व कहते हैं,इस माह में आने वाली पूर्णिमा को कार्तिक पूर्णिमा कहा जाता है, इस दिन भगवान शिव और पार्वती के पुत्र कार्तिकेय के दर्शन करना बेहद शुभ माना जाता है,पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस माह में कार्तिकेय को भगवान विष्णु द्वारा धर्म मार्ग को प्रबल करने की प्रेरणा दी गई थी, यह माह कार्तिकेय द्वारा की गई साधना का माह माना जाता है,इसलिए इस माह का नाम कार्तिका मास पड़ा, देवी मरियम्मान उत्सव समिति द्वारा राजधानी स्थित राधा कृष्ण मंदिर बरखेड़ा से प्रारंभ होकर नेहरू मार्केट,बजरंग मार्केट पठानी होते हुए ,एफ सेक्टर स्थित देवी मरियम्मान मंदिर में समापन हुआ,वहीं मंदिर के अध्यक्ष पी नागराजन ने हमें बताया कि,प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम लोग कावड़ यात्रा एवं कलश यात्रा निकाल रहे हैं,इस यात्रा में श्रमिक नेता दीपक गुप्ता एवं कई अन्य गणमन अतिथि उपस्थित हुए,कावड़ यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित हुए, कावड़ यात्रा के समापन के बाद भगवान कार्तिकेय की विशेष पूजा-अर्चना व आरती की गई, इसके बाद भंडारा किया गया।




## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सहस्त्र धाराओं से होगा बाबा महाकाल का रुद्र अभिषेक



**संत हिरदाराम नगर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। नुक्कड वाली माता मंदिर पर मंगलवार को आमंत्रण कार्ड का विमोचन किया गया। पं रवि पटेरिया ने बताया कि 26 फरवरी बुधवार शाम 6 बजे से नुक्कड वाली माता मंदिर प्रागण में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कालसर्प, पितृदोष, ग्रह शांति निवारण, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं ग्रह बाधा शांति पूजन, सहस्त्र धाराओं द्वारा बाबा महाकाल का रुद्र अभिषेक किया जाएगा जिसमें कार्यक्रम आचार्य पंडित राजेश शर्मा, मुख्य यजमान विष्णु विश्वकर्मा, मुख्य सूत्रधार पंडित रवि पटेरिया रहेंगे एवं आयोजन समिति के सदस्य कमल मनसुखानी, भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, रुप कुमार सोनी, विवेक नगरुरकर, रमेश किशनानी, बलराम मेहता, राजदीप खेमचंदानी, रोहित परमार, रामजी ठाकुर, पं राहुल दुबे, संदीप पाठक, पं नंदू जोशी, अनिल हुण्डेत, रानू चौहान, नवीन रामचंदानी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सेवाएं देने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा।

## सेवा सदन अस्पताल को स्व. लालचन्द फबयानी के नेत्रों का दान



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर निवासी लालचन्द फबयानी का देहावसान 10 फरवरी को हो गया। दिवंगत की पुत्री रश्मि फबयानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2191 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

## समग्र अहिरवार समाज ने मनाई संत रविदास जयंती , निकाला समारोह

भोपाल। संत रविदास की 648 वी जयंती के अवसर पर समग्र अहिरवार समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद कहारे ने बताया कि आज जयंती के अवसर पर संत रविदास की प्रतिमा की स्थापना भी कराई गई साथ ही आज रविदास जी जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह डीजे घोड़ी बग्गी और ध्वजा फटक के साथ चल समारोह निकाला गया।समाज के सभी वरिष्ठ बुजुर्ग महिला और बच्चों संत के गीतों पर उनकी आराधना उपासना और नृत्य भी किया । प्रदेश अध्यक्ष गोविंद ने आज रविदास जी की जयंती के अवसर पर अपने समाज और सभी समाज से आवाहन किया कि आज हम इस जयंती के अवसर पर नशा मुक्ति जैसे चीजों को छोड़ना चाहिए। नशा एक समाज में बड़ी ही बुराई का स्वरूप ले रहा है आज हम सबको शपथ लेना चाहिए कि इस नशे की बुराई से हमें दूर होकर समाज में एक अपने योगदान के साथ-सा द इस नशा मुक्ति को छोड़ देना चाहिए। साथ ही अपने बच्चों को शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए अग्रसर करना चाहिए क्योंकि समाज में बेटियों का एक अलग ही महत्व है हम सबको अपने बेटी और बेटों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए और उनकी पढ़ाई लिखाई अच्छे से हो सके और समाज में एक अपना नाम और अपने परिवार का नाम स्थापित कर सके। आज इस अवसर पर अनिल मंडराई और समाज के सभी वर्ग उपस्थित हुए और शुभकामनाएं भी दी।



# पढ़ाई के लिए स्वास्थ्य अच्छा होना अत्यंत आवश्यक : सिद्ध भाऊ

**साधु वासवानी स्कूल में परीक्षा पूर्व तैयारी करने हेतु सेमीनार का आयोजन**





**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में विद्यार्थियों को सिद्ध भाऊ द्वारा परीक्षा पूर्व तैयारी एवं पढ़ाई के लिए प्रेरित करने हेतु सेमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का लक्ष्य है पढ़ाई और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी समस्त शक्तियां उसी में लगा दें तो उसे सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

सिद्ध भाऊ ने सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व तैयारी के सारगर्भित टिप्स देते हुए कहा कि पढ़ाई इंसान के लिए अत्यंत आवश्यक है और बगैर पढ़ाई के इंसान पशु के समान है और परमपिता परमात्मा ने हर व्यक्ति को प्रतिभा प्रदान की है बस उस प्रतिभा का निखार किस प्रकार करना है वह हमारे हाथ में हैं, पढ़ाई के लिए स्वास्थ्य अच्छा होना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए घर का बना हुआ भोजन व अंकुरित अनाज व सलाद खाये, साथ ही सुबह उठकर व्यायाम, प्राणायाम करें और सुबह 4 बजे उठकर पढ़े क्योंकि सुबह एकाग्रता से पढ़ने पर कठिन से कठिन विषय भी सरल बन जाता है। विद्यार्थी भ्रमित करने वाले यंत्र मोबाइल से दूर रहे और अपना पूरा ध्यान अपने लक्ष्य प्राप्ति में लगाए। अब आपके पास समय कम बचा है उसके लिए आप आज ही टाइम टेबिल बनाकर हर एक विषय को चैलेंज के रुप में लें और अभी से तैयारी करना शुरु करें।

## बुन्देलखण्ड परिषद का पुनर्गठन

**भोपाल।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद का पुर्नगठन केन्द्रीय स्तर पर किया गया है। केन्द्रीय समिति में मंत्री पद पर, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा खुरई के मोहित समैया ,कोलार को से मनोनीत किया गया है। जबलपुर, ललितपुर एवं झाँसी जिला इकाइयों में पूर्व एवं वर्तमान में हुये परिवर्तनों को केन्द्रीय बोर्ड ने अनुमोदित भी कर दिया है।

## संत रविदास आध्यात्मिक गुरु ही नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे: राज्य मंत्री टेटवाल

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। राज्य मंत्री टेटवाल संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने उस दौर में भी समाज को समानता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया, जब भेदभाव और छुआछूत चरम पर था। वे केवल शिक्षा के प्रचारक नहीं थे, बल्कि उन्होंने समाज को कौशल से संपन्न बनाकर रोजगार से जोड़ने का कार्य भी किया। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि उनके विचार इतने प्रभावशाली थे कि सिख धर्म के गुरु ग्रंथ साहिब में भी उन्हें स्थान मिला और आज भी गुरुद्वारों में उनके आदर्शों को गाया जाता है। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी के गुरु रामदास जी थे, और मीराबाई ने भी उन्हें ही अपना गुरु माना था। उनके विचारों ने समाज में एक नई चेतना जगाई, जो शिक्षा और हुनर दोनों को समान रूप से महत्व देती है। इसी भावना के अनुरूप आज ग्लोबल स्किल्स पार्क युवाओं को आधुनिक तकनीकी दक्षता से सशक्त कर रहा है। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी के विचारों के अनुरूप हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ज्ञान और कौशल को अपनी ताकत बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों। यह डिजिटल युग अवसरों से भरा है, और युवाओं को इनका पूरा लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करना चाहिए। राज्य मंत्री टेटवाल ने सर्व-सुविधायुक्त बालकों के छात्रावास का उद्घाटन किया। छात्रावास में 600 छात्रों को लाभ मिलेगा। छात्रावास में 200 कमरे बनाए गए हैं, जिसमें तीन-तीन छात्रों के रहने की व्यवस्था की गई है। राज्य मंत्री टेटवाल ने छात्रावास का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों के निर्देश भी दिए।

## ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टी.एल.एम.) कर्मियों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश के टी.एल.एम. उपसंभाग के 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लाइन कर्मियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क के साथ सहायक एवं समावेशी तरीके से कार्य करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य ट्रांसमिशन कंपनी में नये टीम लीडर तैयार करना है, जो पावर सेक्टर में बदलती परिस्थितियां और बढ़ती चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी बनाये रखने के लिये वर्तमान कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है। इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाएं कर्मियों के आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक हो रही है। सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों को बेयरहेंड मेंटेनेंस के साथ-साथ हॉट लाइन मेंटेनेंस की ट्रेनिंग लेना चाहिए, ताकि वो लाइन मेंटेनेंस की सभी विधाओं में पारंगत हो सके। उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ की परिकल्पना पर एम.पी. ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये पहली बार इस तरह की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य बात यह रही वरिष्ठ लाइन कर्मियों श्री गप्पू सिंह इटारसी एवं जबलपुर के श्री मंगल पनिका, श्री राजेन्द्र कुशवाहा आदि ने न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि उन्होंने साथियों को जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ किस तरह विभिन्न परिस्थितियों में संयम के साथ कार्य निष्पादित करना है, इस संबंध में अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने मेंटेनेंस के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाये।

# पति-पत्नी के खट्टे मीठे संबंधों को दिखाते नाटक हार जीत का मंचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कल शाम मालवीय नगर स्थित शहीद भवन सभागार में हबीब थिएटर के कलाकारों ने लेखक जहूर बख्श की कहानी हार जीत जिसका नाट्य रूपांतरण नाहिद जहां सिद्दीकीऔर निर्देशन जावेद अज़ीज़%राही%ने किया। उनके कुशल निर्देशन ने कहानी को मंच पर सजीव कर दिया और दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।दर्शकों ने इस नाटक को न केवल सराहा बल्कि कलाकारों के जीवंत अभिनय से गहरी भावनाओं को भी महसूसभी किया।

नाटक की कहानी 1950 के दशक के सामाजिक परिवेश में रची गई है और पति-पत्नी के खट्टे-मीठे संबंधों के इर्द-गिर्द घूमती है।कहानी में दोनों पात्रों के बीच की नोंक-झोंक कई मोड़ों से गुजरते हुए आत्महत्या की स्थिति तक पहुंच जाती है,लेकिन अंतत:प्रेम की गहराई से यह संघर्ष सुलझ जाता है।पुरुष पात्र अपनी पत्नी के तीखे स्वभाव का दोष अपनी भाभी को देता है। वहीं पत्नी आत्महत्या की धमकी देते हुए कांच का पाउडर खा लेने की बात कहती है और अपने पति से कहती है—लो जी,लिख दो कि मैं अपनी मर्जी से जान दे रही हूं ताकि कोई तुम्हें कुछ न कहे।卐इस संवाद ने दर्शकों को गहराई से छू लिया। अंतत: नायक पत्नी के प्रति निसार हो जाता है और दोनों के बीच का प्रेम फिर से प्रकट होता है।

गहरा सामाजिक संदेश्इस नाटक ने यह महत्वपूर्ण संदेश दिया कि पति-पत्नी का संबंध सनातन काल से अटूट रहा है।विवाह के दौरान चाहे कितने भी मतभेद,उलझनें और झगड़े क्यों न हों, प्रेम,विश्वास और सुलह ही वैवाहिक जीवन की सच्ची जीत होती है।कहानी के जरिए यह दिखाया गया कि हार-जीत में न तो पति की हार होती है और न ही पत्नी की जीत।बल्कि सुलह ही एकमात्र समाधान है। करीब एक घंटे10 मिनिटचले इस नाटक में कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को न केवल मनोरंजित किया बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और संबंध की गहराई को भी बखूबी प्रस्तुत किया। मंच पर मुख्य भूमिकाओं में दिव्यांश सिंह,अल्फ़ी हुसैन, रितिक यादव और जोई दत्ता ने जीवंत अभिनय किया। इन कलाकारों ने अपने स्वाभाविक संवाद अदायगी और भावभंगिमा से दर्शकों को कहानी से जोड़ दिया।मंच व्यवस्थापना की जिम्मेदारी उन्नीत चौरसिया और राहुल महाकाल ने बखूबी निभाई। वहीं संगीत संचालन अर्शिन ख़ान द्वारा किया गया। प्रकाश परिकल्पना अमित पांडे ने की।

कहानी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भाषा थी जो बेहद सरल और आम जन से जुड़ी हुई थी। संवादों में हास्य और संवेदनशीलता का सुंदर संतुलन था, जिसने दर्शकों को हंसने और भावुक होने पर मजबूर कर दिया। लेखन शैली ने नाटक को गहरे सामाजिक और मानवीय संदेश देने में मदद की। नाटक हार-जीत कथानक, भाव पक्ष और कलात्मक प्रस्तुति की दृष्टि से एक उत्कृष्ट रचना है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि आज के सामाजिक परिवेश में पति-पत्नी के संबंधों की प्रासंगिकता को भी दर्शाया। हबीब थिएटर के कलाकारों की यह प्रस्तुति दर्शकों के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ गई और नाटक को एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव बना दिया।

# विजय मनोहर तिवारी की कुलगुरू पद पर नियुक्ति भारतीय ज्ञान परम्परा और पत्रकारिता का सम्मान





त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

पत्रकारिता रत्न और भारतीयता के पोषक प्राच्य इतिहास और पुरातत्व के विशेषज्ञ विजय मनोहर तिवारी को माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त कर श्रेष्ठ चयन किया हैं जिसके लिए मध्यप्रदेश शासन बधाई का पात्र है देर आए दुरस्त आए।

मध्यप्रदेश के उदयपुर के पास एक छोटे से गांव में साधारण परिवार में जन्मे विजय मनोहर की कुलगुरु पद की यात्रा

संघर्ष की कहानी है कुशाग्र बुद्धि के तिवारी जी पर सरस्वती का विशेष आशीर्वाद रहा है वे इसी माखनलाल विश्व विद्यालय के द्वितीय बेच के टॉपर थे लेखन में महारथ हासिल हैं 12 पुस्तक लिख चुके है जिसमे भारत की खोज और ये मेरे पांच साल श्रेष्ठ कृतियां है हमेशा कुछ कर गुजरने का पराक्रम इनकी विशेषता है 2018 में वे राज्य के सूचना आयुक्त भी रहा और इस पद से निवृत होने के बाद अपने गांव में रिवर्स माइग्रेशन की योजना के अन्तर्गत आधुनिक बागवानी के कार्य में व्यस्त हो गए और अमरूद की खेती का सफल प्रयोग किया।

**भारत के पुरातन मंदिरों का ज्ञान:** के भंडार है विदिशा जिले के उदयपुर के शिवमन्दिर के जन भागीदारी से सरंक्षण में विजय मनोहर तिवारी जी को मध्यप्रदेश गौरव सम्मान 2022 को प्रदान किया गया था पत्रकारिता का इनका 25 वर्ष का अनुभव माखनलाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय को नई उर्जा देगा यह आशा की जा सकती है उनके चयन पर हार्दिक शुभकामनाएं।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया माल्यार्पण



**भोपाल**। पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द शुक्ल ने अस्पताल चौराहा रीवा में स्थित पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। हितानंद शर्मा, सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य समय सीमा में पूरा करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की विभागीय कार्ययोजना एवं उससे जुड़े वित्तीय प्रावधानों के संदर्भ में समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय कार्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में विभागों को जारी किए गए बजट में वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित करें। नये वित्तीय वर्ष के बजट में योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें, जिससे विकास कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान निरामयम योजना की नियमित रूप से मानीटरिंग करें। सभी जरूरतमंद व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रकरणों में तत्परता और सजगता से कार्रवाई की जाये। सभी पात्र व्यक्तियों के तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाये जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे, इसके लिए विभागों को बेहतर तालमेल और उच्च कोटि का समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत परियोजनाओं की स्वीकृति समय पर हो तथा इनका क्रियान्वयन भी समय सीमा में ही पूरा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के आर्थिक संसाधनों के न्यायसंगत वितरण पर जोर दिया और कहा कि वित्तीय नियमावली का पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से रिजल्ट ओरिएंटेड कार्यशैली अपनाने और योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को राज्य के समग्र और तीव्र विकास के लिए नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया में और तेजी लाने तथा वित्तीय संसाधनों के प्रभावी व अधिकतम उपयोग पर बल दिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपनी विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी दी और आगामी वित्त वर्ष के लिए तय किये गये लक्ष्यों की रूपरेखा पर चर्चा की बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डा. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव तथा स्कूल शिक्षा व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से अभिनेता अन्नू कपूर ने भेंट की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभिनेता श्री अन्नू कपूर ने सौजन्य भेंट की। श्री अन्नू कपूर ने कहा कि वे मध्यप्रदेश से हैं और यहां आकर उन्हें आनंद का अनुभव होता है। विशेष रूप से मालवा अंचल की संस्कृति से वे बहुत प्रभावित हैं। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से उनका आत्मीय लगाव है। श्री कपूर ने कहा कि मध्य प्रदेश में विरासत से विकास के ध्येय के अनुसार महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मालवा, मध्यप्रदेश के साथ ही राष्ट्र के गौरव हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अन्नू कपूर द्वारा भारतीय सिने जगत और दूरदर्शन पर अंताक्षरी के माध्यम से राष्ट्र भाषा हिन्दी की सुदीर्घ सेवा के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री अन्नू कपूर ने शिव तांडव स्त्रोत एवं अन्य संस्कृत भाषा की रचनाओं की सैकड़ों मंचों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी है। भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम देव भाषा कई भाषाओं की जननी है। इस नाते श्री अन्नू कपूर का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर अभिनेता श्री कपूर ने संस्कृत के कुछ श्लोक भी सुनाए। इस अवसर पर श्री अन्नू कपूर ने अपनी कला यात्रा और मध्यप्रदेश के नगरों -कस्बों से उनके संबंध के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अन्नू कपूर एवं उनके साथी श्री देव कुमार का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया।

# डॉ. विक्रांत भूरिया बने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मप्र का दिल्ली में बढ़ा कद



**भोपाल।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया को अब ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विक्रांत जो कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया के बेटे हैं, अब शिवाजीराव मोघे की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इस नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी में आदिवासी समुदाय के बीच एक नई उम्मीद जगी है, क्योंकि भूरिया का आदिवासी वर्ग में मजबूत प्रभाव रहा है।

डॉ. विक्रांत भूरिया ने पिछले साल अप्रैल में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस इस्तीफे के बाद मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद, विक्रांत भूरिया युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की रेस में थे। हालांकि, सितंबर में जम्मू-कश्मीर के रहने वाले उदय भानु चिब को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। फिर भी, भूरिया की आदिवासी समुदाय में गहरी पैठ और मजबूत नेतृत्व की क्षमता को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।

**कांग्रेस का आदिवासी वर्ग में पैठ बढ़ाने की रणनीति:** मध्य प्रदेश में आदिवासी समुदाय की संख्या लगभग 22 प्रतिशत है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें से 24 सीटों पर बीजेपी और 22 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। आदिवासी समुदाय को कांग्रेस का परंपरागत वोटर माना जाता है, और पार्टी ने हमेशा इस समुदाय के लिए अपनी नीतियों और कार्यों में विशेष ध्यान दिया है। कांग्रेस अब आदिवासी वर्ग को वापस अपने पक्ष में लाने के लिए युवा नेताओं को आगे बढ़ा रही है, और विक्रांत भूरिया की नियुक्ति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**आदिवासी नेताओं का कांग्रेस में बढ़ा कद:** कांग्रेस पार्टी में आदिवासी वर्ग के नेताओं का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे पहले, डिंडोरी से विधायक और पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम को कांग्रेस की केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) का सदस्य बनाया गया था। इसके अलावा, उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया था। अब विक्रांत भूरिया को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से यह साफ संकेत मिलता है कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के नेताओं को आगे बढ़ाने की नीति पर काम कर रही है।

**आदिवासी कांग्रेस को मिलेगी नई दिशा:** विक्रांत भूरिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से आदिवासी कांग्रेस को नई दिशा मिल सकती है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय से जुड़ी समस्याओं को और अधिक प्रभावी तरीके से उठाने और हल करने में सक्षम होगी। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद, भूरिया अब पार्टी के आदिवासी वर्ग के मुद्दों पर और अधिक ध्यान देंगे, जिससे पार्टी का आधार मजबूत हो सकता है।

**आदिवासी वर्ग के लिए कांग्रेस की योजनाएं:** कांग्रेस पार्टी आदिवासी वर्ग के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चलाती है। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाएं शामिल हैं। विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में, आदिवासी कांग्रेस इन योजनाओं को और अधिक सशक्त रूप से लागू करने पर जोर दे सकती है। इसके साथ ही, वे पार्टी को आदिवासी वर्ग के मुद्दों पर एकजुट करने का काम करेंगे, जो आने वाले चुनावों में कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### उप मुख्यमंत्री ने रीवा से चाकघाट तक देखी तीर्थयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाएं

# तीर्थयात्रियों की सेवा करने वालों को गंगा में सौ डुबकी लगाने के समान पुण्य मिलेगा: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रीवा से चाकघाट तक भ्रमण किया। उप मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान रीवा प्रयागराज मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए भोजन, ठहरने, पानी, चाय तथा सुरक्षा के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने हरिहरपुर मोड, जोगिनहाई टोल प्लाजा, बेलवापैकान, जनकहाई, मनगवां, श्रीयुत कालेज गंगेव, सोहागी टोल प्लाजा तथा चाकघाट रैन बसेरा में प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों से भेंटकर उन्हें निःशुल्क भोजन और पानी का वितरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार रीवा संभाग के सभी जिलों में प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गयी हैं। जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठन तथा बड़ी संख्या आमजन सेवाभाव से तीर्थयात्रियों को निःशुल्क भोजन, पानी, चाय की सुविधा दें रहे हैं। देश भर से तीर्थयात्री प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी स्नान करके महाकुंभ का पुण्य लाभ ले रहे हैं। तीर्थयात्रियों की सेवा करने वालों को गंगा में सौ डुबकी लगाने के समान पुण्य मिलेगा। तीर्थयात्रियों की सेवा में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। महाशिवरात्रि पर्व तक रीवा प्रयागराज मार्ग पर व्यवस्थाएं चाकचौबंद रहेगी। प्रयागराज में अधिक भीड़ होने पर ही वाहनों को रोका जायेगा। अभी वाहन निर्बाध रूप से रीवा प्रयागराज मार्ग से कुंभ के लिए जा रहे हैं।

**उप मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों से किया संवाद:** श्रीयुत कालेज गंगेव तथा चाकघाट रैन बसेरा में कर्नाटक, हैदराबाद और महाराष्ट्र से आये तीर्थयात्रियों से संवाद किया। कर्नाटक के बीजापुर जिले से आये कृष्णाप्पा तथा राजू ने तीर्थयात्रियों को जगह-जगह सुविधा की प्रशंसा की। तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा मध्यप्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कई तीर्थयात्रियों ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल के साथ सेल्फी ली। रीवा प्रयागराज मार्ग पर जनअभियान परिषद के स्वंयसेवकों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा भी जगह-जगह भोजन, पानी, विस्किट, चाय और फलों का वितरण किया जा रहा है। मनगवां में सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर नगर पंचायतों द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए खिचड़ी और पानी का वितरण किया जा रहा है। सोहागी में एसएन पब्लिक स्कूल कांकर द्वारा तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी का वितरण किया जा रहा है। चाकघाट रैन बसेरा में उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से तीर्थयात्रियों के लिए किये गये प्रबंधों की जानकारी ली। पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी तथा नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि रैन बसेरा में रात दिन तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, शौचालय तथा उपचार की सुविधा दी जा रही है। हजारों यात्री इसका लाभ उठा रहे हैं। मौके पर उपस्थित रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रैन बसेरा एक महीने से लगातार संचालित है। इसमें तीन पालियों में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। एसडीएम त्योंथर संजय जैन, सीएमओ चाकघाट तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथार मिलकर समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर रहे हैं। आसपास की ग्राम पंचायतें तथा सामाजिक संगठन भी तीर्थयात्रियों की सेवा में पूरा सहयोग कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा चार स्थानों पर मेडिकल टीम तैनात की गयी है। रैन बसेरा में तैनात मेडिकल टीम तीर्थयात्रियों को दवाओं का लगातार वितरण कर रही है। मौके पर उपस्थित डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि प्रयागराज में भीड़ और वाहनों का दबाओं बढ़ने पर रीवा प्रयागराज मार्ग पर यातायात व्यवस्थित करना बड़ी चुनौती रहा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने 24 घण्टे तैनात रहकर व्यवस्थायें बनायी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा ने सहयोगी पुलिस अधिकारी और पुलिस बल के साथ चाकघाट और सोहागी में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की।

### उप मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी का किया वितरण

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को महाकुंभ तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं लगातार बनाये रखने के निर्देश दिये। भ्रमण के समय विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, चीफ इंजी. लोकनिर्माण विभाग संजय खण्डे, संभागीय प्रबंधक आरडीसी उमेश सिंह, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी, एसडीएम मनगवां डॉ. पीएस त्रिपाठी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रबंधक औद्योगिक विकास निगम यूके तिवारी, संभागीय समन्वयक जनअभियान परिषद प्रवीण पाठक, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, राजगोपाल मिश्रा चारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा डयूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने देखीं व्यवस्थाएं, बोले-प्रदेश सरकार सुनिश्चित कर रही है हर श्रद्धालु की यात्रा सुरक्षित हो





**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ के पावन अवसर पर रीवा के ग्राम हरिहरपुर, मनगवां एवं जोगिनहाई में तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं से कुशल-क्षेम पूछा और उनकी सुरक्षा तथा सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे पुनीत आयोजन में श्रद्धालुओं की सेवा हमारा सौभाग्य है और कर्तव्य है। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर तीर्थ यात्री की यात्रा सुखद और सुरक्षित हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा और विंध्य क्षेत्र सेवा, संस्कृति और समर्पण की भूमि है। यहां के लोग महाकुंभ जैसे आयोजनों में श्रद्धालुओं की सेवा करके अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। यह सहयोग और समर्पण की भावना ही हमारी ताकत है। प्रशासन के साथ समाजसेवी संगठन कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्यों में योगदान दे रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन, पानी, ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सक्रिय रखने और विश्राम स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

**श्रद्धालुओं ने लगाए मध्यप्रदेश जिंदाबाद के नारे:** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने यात्रियों को फल एवं भोजन वितरित किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से धैर्य रखने की अपील की। इस दौरान विभिन्न प्रदेश से आये श्रद्धालुओं ने सरकार और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और मध्यप्रदेश जिंदाबाद के नारे लगाए। महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं के लिए एनएच-30 में विभिन्न स्थलों में चाय, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। विधायक नरेंद्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



# क्या मणिपुर अब शांत होगा?

**राकेश दुबे**

अब यह साफ़ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह का इस्तीफा मजबूरन लेना पड़ा। मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय हिंसा और हत्याओं के कारण जलता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री को बरकरार रखा गया। अब विरोध और बगावत अविश्वास प्रस्ताव तक आ गई है। बीती 3 फरवरी को भाजपा के 19 विधायकों समेत कुल 33 विधायक दिल्ली आए और प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से मुलाकात कर मुख्यमंत्री बदलने का आग्रह किया। साफ़ कहा गया कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ भाजपा विधायक भी मुख्यमंत्री के खिलाफ वोट कर सकते हैं।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को जब लगा कि 60 के सदन में करीब 35 विधायक विरोध में हैं, लिहाजा राज्य सरकार का पतन अपरिहार्य है। अंतत÷ मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तलब कर उन्हें इस्तीफे के लिए आदेश देना पड़ा। यह राजनीतिक इस्तीफा है, जो बहुत पहले ही अतिदेय था।

मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यथावत क्यों पदासीन रखा गया, इसका रहस्य तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही जानते हैं। बगावत की चिंगारी लपटों में तबदील हो सकती है, यह यथार्थ तो सितंबर-अक्तूबर में ही सामने आ गया था। तब भाजपा के 19 विधायक स्पीकर सत्यब्रत सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले थे। उस दौरान महाराष्ट्र चुनाव के कारण मामला ठंडा कर दिया गया, लेकिन मणिपुर जलता रहा। राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव इतना हिंसक हो गया कि अभी तक 250 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो चुके हैं। करीब 5000 घर जलाए जा चुके हैं। 386 धर्मस्थल तोड़े जा चुके हैं। भीड़ ने 3 मंत्रियों समेत 6 विधायकों के घर फूंक दिए। हिंसा के करीब 6000 मामले दर्ज हैं। इनमें 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। 6745 लोग जेल में कैद हैं। ये सभी सरकारी आंकड़े हैं। असली डाटा भिन्न और ज्यादा है।

मणिपुर में हिंसा और हत्याओं के दौर कांग्रेस सरकारों के दौरान भी देखे गए हैं, लेकिन मौजूदा दौर में महिलाओं को सरेआम नग्न कर सड़कों पर घुमाया गया। इससे अधिक असामाजिक, अराजक और शर्मनाक हालात क्या होंगे! लेकिन मुख्यमंत्री बरकरार रहे और सत्ताओं के खेल जारी रखे गए। मणिपुर का मुद्दा संसद में भी पुरजोर तरीके से गूंजता रहा। चुनावों के दौरान भी कभी-कभार सुना गया, लेकिन 21 महीने तक यह नरक क्यों उबलता रहा, शायद ही देश को कभी इसका जवाब मिल सके!

सवाल यह है कि अब बीरेन सिंह के जाने के बाद मणिपुर के हालात कैसे होंगे? क्या अमन-चैन का दौर लौट सकता है? क्या मैतेई और कुकी के बीच अनुसूचित जनजाति के दर्जे का विवाद हल हो सकता है? क्या मणिपुर में ड्रग सिंडिकेट को नियंत्रित किया जा सकेगा और म्यांमार की खुली सीमा का कानून संशोधित किया जाएगा? फिलहाल ये सवाल बहुत कठिन और पेचीदा लगते हैं। बगावती गुट स्पीकर टी. सत्यब्रत सिंह को अपना नया मुख्यमंत्री चुनने के पक्ष में है। क्या भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनके नेतृत्व के लिए सहमत है?

# जयंती विशेष : मन चंगा तो कठौती में गंगा : संत रविदास



**हेमेन्द्र क्षीरसागर,**

महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाज-सुधारक और ईश्वर के अनुयायी संत शिरोमणि रविदास के जन्म को लेकर सबकी अपनी-अपनी राय है। कुछ लोगों का मानना ??है कि उनका जन्म 1376-77 के आसपास हुआ था, कोई 1399 ई. कुछ दस्तावेजों के अनुसार रविदास 1450 और 1520 के बीच रहे। मान्यता के अनुसार रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के निकट सीर गोवर्धन गांव में हुआ था। उनकी माता कालसा देवी थीं और उनके पिता संतोख दास थे। अलौकिक, संत रविदास भारत में 15 वीं शताब्दी के संत परंपरा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन को नेतृत्व देते थे। उन्होंने अपने महान कविता लेखन के जरिए विविध प्रकार के आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने समानता पर जोर दिया जहां प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक मानवाधिकारों का आनंद मिलेगा। उनके भक्ति छंद सिख धर्मग्रंथों, गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं।

स्तुत्य, भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक रविदास ने 120 वर्ष की आयु में 1540 ईस्वी में वाराणसी में देहत्याग दिया। रविदास के अनमोल वचन थे कि कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है। व्यक्ति के कर्म ही उसे ऊंचा या नीचा बनाते हैं। हमें हमेशा कर्म करते रहना चाहिए और साथ साथ मिलने वाले फल की भी आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म हमारा धर्म है और फल हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती है



और फिर सागर में समा जाती है। उनका अलग अस्तित्व नहीं होता इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। मोह माया में फंसा जीव भटकता रहता है इस माया को बनाने वाला ही मुक्तिदाता है।

उत्कंठ, संत रविदास की मशहूर कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को ज्यादातर लोगों को बोलते हुए सुना होगा। इस कहावत का अर्थ है अगर व्यक्ति का मन शुद्ध है, किसी काम को करने की उसकी नीयत अच्छी है तो उसका हर कार्य गंगा के समान पवित्र है। दरअसल इस कहावत का जन्म उस समय हुआ जब एक बार संत रविदास के कुछ विद्यार्थी और अनुयायी ने पवित्र नदी गंगा में स्नान के लिये पूछा तो उन्होंने ये कह कर मना किया कि उन्होंने पहले से ही अपने एक ग्राहक को जूता देने का वादा कर दिया है तो अब वही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। रविदास जी के एक विद्यार्थी ने उनसे दुबारा निवेदन किया तब उन्होंने कहा उनका मानना है कि ÷ मन चंगा तो कठौती में गंगा ÷ मतलब शरीर को आत्मा से पवित्र होने की जरुरत है ना कि किसी पवित्र नदी में नहाने से, अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है चाहे हम घर में ही क्यों न नहाये।

वस्तुतः संत रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। छुआछूत आदि का उन्?होंने विरोध किया और पूरे जीवन इन कुरीतियों के खिलाफ ही काम करते रहे। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि ईश्वर ने इंसान बनाया है ना कि इंसान ने ईश्वर बनाया है अर्थात इस धरती पर सभी को भगवान ने बनाया है और सभी के अधिकार समान है। इस सामाजिक परिस्थिति के संदर्भ में, संत गुरु रविदास ने लोगों को वैश्विक भाईचारा और सहिष्णुता का ज्ञान दिया। अभिभूत, गुरुजी के अध्यापन से प्रभावित होकर चितौड़ साम्राज्य के राजा, रानी और अनेकानेक जन उनके अनुयायी बनकर भक्ति मार्ग में विलीन हो गए। यथेष्ठर संत शिरोमणि रविदास के एक-एक सबक आज तलक कालजयी बनकर मानव कल्याण के निहितार्थ प्रेरणापुंज हैं।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया



**ललित गर्ग**

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल



मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात

> स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है।

करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है?

शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बडी कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थिति हो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है।

सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है। प्रेषकः

# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?

**ललित गर्ग**

डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर-2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकड़े गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए?

'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। 'फोर्ब्स' के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि 'हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है', कि यह 'दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था है'। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है?



क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है।

इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। प्रेषकः

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइटः dainiksandhyaprakash.in

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

**नैनपुर ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला कार्य करता मौजूद रहे भाजपा के पुराने नेता बालकिशन खंडेलवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर चर्चा करते हैं उनके जीवन का परिचय उपाध्याय जी ने राजनीति से अपने आप को जोड़ने का काम जनसंघ पार्टी के रूप में किया भारतीय जनता पार्टी पंडित उपाध्याय के मार्गदर्शन पर चल रही है समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों के लिए मदद करने का काम बीजेपी कर रही है कार्यक्रम में नगर बांध का अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी उपाध्यक्ष मंजू लता वैष्णव जिले के वरिष्ठ नेता अंजनी तिवारी रामकुमार चौरसिया नगर भाजपा के अध्यक्ष राकेश रजक दिनेश नगर नीरज झारिया कन्हैया चावला कुलदीप डोंगरे मिंकु सोनी सहित कार्यकर्ता एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

# 3 सूत्रीय मांगों को लेकर फुटकर व्यापारी संघ ने सौंपा नपाध्यक्ष को ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)-** फुटकर व्यापारी महासंघ के सदस्यों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे को ज्ञापन सौंपा मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर फुटकर व्यापारी एकजुट होकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे जहां पर अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे को अपनी मांगों से अवगत कराया जिसमें प्रमुख मांगे सभी दुकानदारों को विस्थापित कर उनकी जगह पर ही स्थापित किया जाए, सभी दुकानदारों को लागत मूल्य और आसान किस्तों पर दुकान दी जाए, अतिक्रमण की कार्यवाही व्यापारियों के संज्ञान एवं विश्वास में लेकर की जाए नगर के सभी अतिक्रमण पर एक समान व्यवहार किया जाए जिस पर अध्यक्ष ने कहा की नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों से परिषद की बैठक में चर्चा कर समस्त व्यापारियों के हित में और नगर के हित में निर्णय लेने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटकर व्यापारी मौजूद रहे।

# अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही करते हुए 05 ट्रैक्टर जप्त



**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग दमोह द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी मेजर सिंह जामरा ने बताया अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही करते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गैस एजेंसी के पास, केशव नगर, हिरदेपुर, तीन गुल्ली, सुभाष कॉलोनी से 05 ट्रैक्टर जप्त किए गए। साथ ही अवैध रेत भंडारणकर्ता नरेंद्र जैन, ओमकारपटेल, पूरण राइ, धर्मेंद्र साहू एव दीपक जैन पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया संबंधितों पर नियमानुसार शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

# छात्रा प्रज्ञा साहू ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का नाम किया रोशन



**दमोह।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा परीक्षा 2023-24 के परीक्षा परिणाम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा प्रवीण सूची में एमए समाजशास्त्र विषय की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रज्ञा साहू ने 72.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र चौधरी, अतिथि विद्वान धीरज जॉनसन द्वारा छात्र को बधाई एवं शुभाषीष दिया और भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

# गीता के घर लौट आईं खुशियां, जब नन्ही बच्ची हुई स्वस्थ

छतरपुर। जिला अस्पताल छतरपुर में गीता पति गोकूल कुशवाहा निवासी ग्राम अतरार तहसील सटई अस्पताल के लेबररूम में भर्ती हुई। जिनकी डिलेवरी 22 दिसम्बर 2024 को सुबह के पहर हुई। जिनकी बच्ची समय से पहले एवं कम बजन की पैदा हुई थी। जिसे सांस लेने में अत्याधिक परेशानी थी एवं अति गंभीर थी। गंभीरता को देखते हुए बच्ची को एस.एन.सी.यू. वार्ड में भर्ती किया गया था। भर्ती के दौरान बच्चे का वजन 1.265 ग्राम था। बच्चे को भर्ती के उपरांत सी-पेप मशीन में रखा गया तथा एफ.बी.एन.सी. गाइड लाइन के द्वारा प्रबंधन एवं उपचार किया गया। लगभग 22 दिन तक बच्ची को आक्सीजन में रखा गया, इस बीच बच्ची ने कई बार सांस भी छो?ी, जिसे कृत्रिम सांस एवं पुनर्जीवन विधि द्वारा बचाया गया। जो वरदान साबित हुई। बच्ची को छः बार रक्त लगाया गया और मां का दुध एवं के.एम.सी. केयर दी गई।

लगभग 49 दिन तक बच्ची एस.एन.सी.यू. में भर्ती रहा, इलाज के चलते बच्ची के वजन में वृद्धि हुई, बच्ची पूरी तरीके से स्वस्थ होने के उपरांत 10 फरवरी 2025 को डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज के समय बच्ची का वजन 1.600 ग्राम हो गया था एवं बच्ची की आर.ओ.पी. स्क्रीनिंग भी कि गई। प्रभारी चिकित्सक डॉ नीरज द्विवेदी, डॉ साकेत गुप्ता, डॉ ऋषि द्विवेदी, डॉ यू.एस. पटेल, नर्सिगं स्टाफ प्रभारी पूजा, नीता, प्रिया, शिवानी, सुष्मिता, संगीता, पूजा, रमा, नेहा, ममता, ऋचा एवं सभी एसएनसीयू स्टाफ के सतत प्रयास से बच्चे का बचाया गया।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संयुक्त दल ने जांच कर जप्त किए 29 गैस सिलेण्डर





**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)-** कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सहायक आपूर्ति अधिकार गौहरगंज संदीप भार्गव तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रायसेन प्रेम कुमार अहिरवार के संयुक्त दल द्वारा गौहरगंज तहसील अंतर्गत मण्डीदीप नयापुरा ब्रिज स्थित शान काम्पलेक्स के पास दो प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिसमें एक मारूति बैन, 25 घरेलू प्रवर्ग के विभिन्न कम्पनियों के गैस सिलेण्डर, गैस रिफलिंग करने वाली पीतल की चार नोजल, वजन मशीन जप्त की गई। इन प्रतिष्ठानों के संचालक दिनेश मीणा, मोहम्मद नईम तथा मारूति वैन के चालक अब्दुल सलीम द्वारा घरेलू गैस का अवैध विक्रय किया जाना पाया गया। इसके अतिरिक्त दल द्वारा औबेदुल्लागंज एचपी पेट्रोल पम्प के पास मो. जुनैद की दुकान की जांच की गई जिसमें चार घरेलू प्रवर्ग के गैस सिलेण्डर, तीन नग गैस अंतरण की पीतल की नोजल तथा लोकल कम्पनी के गैस सिलेण्डर अवैध रूप से रखे पाए जाने पर जप्त किए गए। दल ने बताया कि अवैध गैस रिफलिंग के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# पं. उपाध्याय सादा जीवन उच्च विचार के व्यक्ति थेः रायसिंह मेवाड़ा

## पुण्यतिथि पर आयोजित की श्रद्धांजलि सभा



**आष्टा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख भारतीय राजनीतिक विचारक, समाजसेवी और भारतीय जनसंघ के नेता थे। उनका जीवन सादगी, निष्ठा, और त्याग का आदर्श उदाहरण था और उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में उन्होंने एक सशक्त राष्ट्रवाद की नींव रखी, जो आज भी भारतीय राजनीति में एक प्रेरणा का स्रोत है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने निज कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार हमेशा, सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ निश्चय वाले ही रहे थे। भारत को मजबूत, जीवंत और आत्मनिर्भर बनाने में दीनदयाल उपाध्याय जी का बहुत अहम योगदान रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, उमेश शर्मा, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, हसीब खां, पूरणसिंह मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, रामनारायण मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे।

## ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

## परीक्षाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन का निर्णय

**छतरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर पार्थ जैसवाल द्वारा छात्रों की वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। वार्षिक परीक्षाएं 25 फरवरी 2025 से प्रारंभ हो रही है। यह आदेश म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10(2) के तहत जारी किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। विशेष आयोजनों के अवसर पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति देने के लिए अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। जिनकी अनुमति प्राप्त होने पर दिन के समय केवल 45 डी.बी. तथा रात्रि में केवल 40 डी.बी. से अधिक ध्वनि प्रसारण नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन होने पर प्रसारण यंत्र एवं वाहन राजसात किए जाएंगे।

# वार्ड क्रमांक 28 बूथ क्रमांक 170 में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि



**छतरपुर/** सिटी कोतवाली की पीछे वार्ड क्रमांक 28 बूथ क्रमांक 170 में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला के पूर्व महामंत्री आदरणीय जयराम चतुर्वेदी वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम बिहारी पटवा वरिष्ट कार्यकर्ता मंगल सिंह परमार पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक खरे नगर मंडल उपाध्यक्ष गिरजा पाटकर बूथ अध्यक्ष सुधीर आरजिया भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संदीप सोनी मंडल के मंत्री सुनील वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के द्वारा सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र दीप प्रज्वलित कर एवं फूलमाला पहनकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा पूर्व जिला महामंत्री जयराम चतुर्वेदी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बारे में उनके पार्टी के प्रति समर्पण के बारे में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति को उसका हक मिले और वह व्यक्ति मुख्य धारा से जुड़े यही उनका मूल मंत्र था पार्टी इसी विचारधारा पर चलती है ।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक संपन्न



**मंडला--**मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम मॉनिट के प्रस्तावित चार कार्यों एवं अन्य विभागों से प्रस्तावित 27 कार्यों को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बिछिया विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, श्री जयदत्त झा, डीएफओ श्रीमती ऋषिभा सिंह तेकाम, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

## केयर हॉस्पिटल इनर व्हील क्लब द्वारा लगाया गया कैंसर परिक्षण शिविर

# डॉ. अर्चना ने महिलाओं में होने वाले कैंसर के लक्षण के बारे में दी जानकारी



**आष्टा।** पूरे विश्व मैं भारत ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा महिलाएं कैंसर की रोगी है।स्तन कैंसर के लक्षण हर महिलाओं में अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए इस तरह का आभास होने पर नजदीकी इससे संबंधित डॉक्टर से परामर्श एवं सुझाव जरूर लेवें। इसी के साथ महिलाओं में गर्भाशय कैंसर भी पाया जाता है ,इसके लक्षण मासिक धर्म में बदलाव, मासिक धर्म के बीच में स्पॉटिंग, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेट के निचले हिस्से में दर्द, पेशाब करने में कठिनाई,पेट में सूजन,थकान और कमजोरी, वजन में अचानक कमी आदि अन्य लक्षण देखने को मिलते हैं।

इसी के साथ और भी विभिन्न प्रकार के महिलाओं में कैंसर पाए जाते हैं। उक्त बातें इनरव्हील क्लब आष्टा के द्वारा केयर हॉस्पिटल में आयोजित कैंसर प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना सोनी ने कहीं। डॉक्टर अर्चना सोनी ने सभी उपस्थित महिलाओं को कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सावधानियां बरतने के लिए सुझाव दिए। डॉक्टर अर्चना सोनी ने कहा पहले तो ज्यादातर महिलाओं को बेस्ट कैंसर ही होता था ,पर आजकल महिलाओं में साड़ी के कारण भी कैंसर बताया गया है । सर्वाइकल के कारण भी कैंसर होता है ।बहुत सारी जानकारियां डॉक्टर अर्चना सोनी ने सभी उपस्थित महिलाओं एवं क्लब की सभी सदस्यों को और अपने स्टाफ को जानकारी दी और बताया कि हमें इस प्रकार के रोग की पहचान कैसे होती है, किससे हमें बचना चाहिए। यही सब डॉक्टर अर्चना सोनी ने विस्तार से बताया और उनकी जांच भी की ।इस अवसर पर इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती रीना राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष संगीता सोनी,सचिव सुनीता सोनी,डॉ चंदा जैन वोहरा,अर्चना सोनी,विद्या खंडेलवाल ,सुधा सेठिया ,जय बोहरा ,पदमा कासलीवाल आदि उपस्थित थीं।

## किड्ज़ी का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# उमंग और रोमांच के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**मण्डला अजीत पटेल।** किड्ज़ी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला का वार्षिक दिवस समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया।इस रंगारंग कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष के लगभग 350 नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों के लिए बड़े मंच पर परफॉर्म करना आसान नहीं होता,लेकिन किड्ज़ी सिविल लाइन्स मंडला ने इसे बेहतरीन तरीके से आयोजित किया।

**विजय और उमंग के रंगों से सजा मंच:** किड्जी प्ले ग्रुप के नन्हे बच्चों ने रैंबो थीम पर रंग-बिरंगे परिधानों में जीवन के विभिन्न रंगों को दर्शाया। वहीं,नर्सरी के विद्यार्थियों ने हैप्पी मूड डांस,फुटबॉल डांस,हॉफ हूला हूप डांस,रिद्म? डांस,क्यूटनेस ओवरलोडेड जैसे मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए जो बचपन कि मासूमियत और खुशियों को दर्शा रहे थे।

**बाल संतुलन और ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शनः** जूनियर केजी के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं से परे जाकर हॉर्स डांस में बड़े घोड़ों के मॉडल के साथ संतुलन नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा, बैलेंसिंग डांस, मोबाइल स्किट पंजाबी मिक्स ,रेट्रो डांस, स्ट्रीमर्स जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

**सीनियर केजी बच्चों का शानदार प्रदर्शनः** सीनियर केजी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम स्तुति ÷श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन÷ का भव्य नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्तिमय बना दिया। इंटरनेशनल मेम्बो डांस,इंडियन स्प्लिट डांस, टटिंग डांस,जॉय ऑफ हार्ट- जेठालाल कॉमेडी जैसी प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया। सेव ट्री कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, जबकि घुंघरू डांस और गणेश वंदना ने अपनी अनोखी प्रस्तुति से दर्शकों की वाहवाही लूटी।



**माता-पिता और बच्चों की भावनात्मक प्रस्तुतिः** कार्यक्रम का सबसे भावुक पल तब आया जब माता-पिता ने अपने बच्चों के साथ मिलकर मंच पर नृत्य किया। इस प्रस्तुति ने समाज को यह संदेश दिया कि चाहे हम कितने भी व्यस्त क्यों न हों, हमें अपने बच्चों के साथ समय अवश्य बिताना चाहिए।समारोह का समापन उत्साह, जोश और भावनात्मक पलों के साथ हुआ, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खुले दिल से सराहा। *विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति एवं सम्मान समारोह*

इस अवसर पर ज़ी लर्न टीम,मुंबई से हरी मोहन मिश्रा (सीनियर रीजनल मैनेजर), नेहा अवस्थी (सीनियर ज़ोनल हेड ऑफ़ एकेडमिक्स),सुशांत सिंह (सीनियर मैनेजर) उपस्थित रहे।उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और अभिभावकों को सकारात्मक संदेश दिया कि बच्चों की परवरिश को और भी सुंदर बनाया जाए।कार्यक्रम के दौरान किड्ज़ी सिविल लाइंस मंडला को पिछले दस वर्षों से प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी घोषणा की कि किड्ज़ी सिविल लाइंस, मंडला, पूरे भारत में शीर्ष पांच किड्ज़ी केंद्रों में से एक है, जो मंडला के लिए गर्व की बात है।

# सर्दियों में इंदौर का एक खास व्यंजन गराडू

यदि कभी आप इंदौर में किसी शादी में गए हों या सर्दियों में चाट बाजार सराफा में कोइ शाम गुजारी हो तो गराडू के स्वाद और चाहने वालों का अंदाज आपको जरूर होगा 7 सर्द शाम और गरमा गर्म मसालेदार महकता गराडू एक एसा व्यंजन है जो एक बार आपने खा लिया तो दूसरी बार राह चलते आप गराडू का ठेला देखते ही स्वत रुक जायंगे चलो एक एक दोना चाट हो ही जाय 7यह इंदौर कि एक ख़ास चर्चित चाट है पर लोग इसकी सब्जी भी स्वाद से खाते है तो सवाल यह उठता है कि आखिर गराडू में है क्या ?क्यों सर्दी का मौसम शुरू होते ही गरमा-गरम गराडू का मजा दुगुना हो जाता है7गराडू को ठंड का दुश्मन माना गया है यह मध्यप्रदेश में विशेषतौर पर इंदौर और उज्जैन में बहुत ही मशहूर है । इसका उपयोग सुबह नास्ते के रूप में गरमा गरम , कुरकुरे और चटपटे गराडू खाने को आनंद लिया जा सकता है मालवा के लोग इसे पहले डीप फ्राय करके- कुरकुरा होने पर एक खास चाट मसाले जिसमें जीरावन, कालानमक और लाल मिर्च ऊपर से डालकर और नीबू निचोड़ कर अखबार वाले कागज में खाते हैं । गराडू सर्दियों में भरपूर ऊर्जा और गर्माहट देता है, भरपूर फाइबर पाचन शक्ति को बढ़ाकर ख़राब कोलेस्टोल को कम करता है ।कहा जाता है इसे सीधे कढ़ाही से निकाल कर गर्म गर्म खाने से सर्दी चली जाती है




गराडू सर्दियों में भरपूर ऊर्जा और गर्माहट देता है, भरपूर फाइबर पाचन शक्ति को बढ़ाकर बुरे कोलेस्टोल को कम करता है । इसके एंटी ऑक्सीडेंट विटामिन सी बुढ़ापे की प्रक्रिया को रोकते है और इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है, भरपूत खनिज लवण जैसे लौह, कापर, कैल्शियम, पोटेशियम, मेंगनीज, फास्फोरस होने से हडियों को मजबूत करता है । ब्लड प्रेशर को कम कर दिल की सेहत को बनाए रखता है, त्वचा और बालों को सुन्दर बनाता है । उबले हुए गराडू को मैश कर शहद के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से झुर्रिया कम होती है और चेहरे पर निखार आता है7

इसके साथ ही फाइबर आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाता है और कब्ज में लाभदायक होता है। गराडू कॉपर आयरन कैल्शियम पोटेशियम मेंगनीज फॉस्फोरस के साथ ही कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आपके स्वास्थ्य और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।इसमें विटामिन्स के साथ-साथ एंटी ऑक्सीडेंट भी भरपूर होते हैं जो न सिर्फ मानसिक तनाव को कम करते हैं बल्कि आापको जवां दिखने में भी मदद करता हैं।रोग प्रतिराधक क्षमता को बढ़ाने के लिए भी गराडू मददगार होता है ,इसको तलते वक्त एक खास सुगंध भुख को जगाती है 7

यदि आप घर पर इसकी चाट बना रहे है तो इसे बनाने के लिए÷गराडू को कुकर में 10 मिनट उबाल लें. ठंडा होने पर इसके छिलके निकाल लें .ध्यान रहे की स्टार्च होने के कारण छिलके निकालते समय हाथ चिपचिपे हो सकते हैं; छिलके निकालने के बाद इसके छोटे टुकड़े काट लें और तेल में कुरकुरा और भूरा होने तक तल लीजिये ..ऊपर से जीरवन कला नमक और लाल मिर्च पाउडर को बुरक लीजिये चाट तैयार है 7किन्तु दूसरी विधि ज्यादा उपयुक्त है इसके लिए आप गराडू को छिल कर तेल का हाथ लगाकर इसके बड़े बड़े तुकडे इडली कुकर में जाली पर रख कर भाप में पका लीजिये फिर ठन्डे होने पर गहरे गर्म तेल में सुनहरा होने तक तल लीजिये 7इस पर नीबू का रस ÷ 2 चम्मच; नमक ÷ स्वादानुसार; जिरालू मसाला ÷ 2 चम्मच लेकर बुरक कर सर्व करिए 7चाट को चटनी के साथ भी खाया जा सकता है।

गराडू एक तरह की जड़ है जो जिमीकंद या रतालू ,या ग्न्थालू ,सुरन प्रजाति का पौधा है 7गराडू एक जड़ फसल है जो अपने कंदों के लिए पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर उगाई जाती है। कार्बोहायड्रेट का. यह एक उम्दा स्रोत है। गराडू की खेती बलुई दोम्मट मिटटी , जिसमे पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होआसानी से की जा सकती है गराडू की बुआइ बेड बनाकर फिर ड्रिप डाल कर केरे बुवाई मई जून में करे । बीज की मात्रा प्रति एकड़ 14 से 18 किवंटल रखे । खेत की तयारी ÷बुआई के । दो दिन पहले 200 किलो सुपर फॉस्फेट 100 किलो यूरिया व् 300 किलो पोटाश प्रति एकड़ के मान से डाले । फिर बुआई केर पैदावार ÷60 से 80 किवंटल प्रति एकड़ के मान से होगी । इस बारे में तेज एग्री ग्रुप के कृषि सलाकार तेजराम नागर ने बताया की गराडू मूल रूप से कन्द की फसल है और ये सबी प्रकार।की मिट्टी मे ऊगा सकता है यदि किसान गराडू को अपनाए तो अच्छा लाभ कमा सकते है7

भारतीय खाने में कंद मूल का अपना एक अलग ही महत्व है फाइबर से भरपूर गराडू के चाट के लिए तले टुकड़ों को प्याज टमाटर के साथ अदरक हरीमिर्च के मसालेदार ग्रेवी में डाल कर सब्जी के रूप में भी तंदूरी रोटी के साथ सर्व किया जाता है 7 कई बार यह चावल के साथ भी पसंद कि जाती है 7

इसकी खास बात यह है कि यह एकएसी सब्जी है जिसे कई दिनों तक आलू की तरह रखा जा सकता है यह कंद ख़राब नहीं होता ,इसलिए जब कोई सब्जी उपलब्ध ना हो आप इसकी सब्जी बना सकते है ।

## शोक सन्देश



सुल्तानपुर वार्ड क्रमांक 6 के निवासी मुकेश नामदेव अनिल नामदेव के पिता जी रामसेवक नामदेव का सोमवार को निधन हो गया जिन का अंतिम संस्कार मोक्ष धाम में किया गया मृत आत्मा के लिए मोक्ष की प्राप्ति के लिए नगर के लोगों ने ईश्वर से आराधना की इस दुख की घड़ी में नगर के लोग नामदेव परिवार के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं

# केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर के पदों के लिए 6 और आईएएस अधिकारी इंपैनल्ड



**नई दिल्ली।** केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर के पदों के लिए 6 और आईएएस अधिकारी इंपैनल्ड किए गए हैं। सोमवार को जारी अलग-अलग आदेशों में मोदी सरकार ने विभिन्न बैचों के 6 और ब्रुस अधिकारियों को भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए इंपैनल्ड किया है। इन अधिकारियों को पहले की सूची में शामिल नहीं किया गया था।

इन अधिकारियों के नाम हैं; असम कैडर की 2004 बैच की एसएस मीनाक्षी सुंदरम, बी विजयेंद्र, अतुल कुमार, अर्चना सिंह, विवेक यादव, प्रणव कुमार।

# 2014 बैच के आईएएस अधिकारी 4 साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2014 बैच के आईएएस अधिकारी श्रवण कुमार जाटवथ को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय , दिल्ली में चार साल के लिए उप सचिव नियुक्त किया गया है । कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी ने पदभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत श्री जाटवथ की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## शार्क टैंक इंडिया 4 में फंडूलैब्स की स्लाइम-टास्टिक पिच - क्या नैतिक को मिलेंगे 60 लाख रुपये

**मुंबई , एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर इस बार फंडूलैब्स के फाउंडर नैतिक चोटाई ने अपनी अनोखी पेशकश से सबका ध्यान खींचा। उनके प्रोडक्ट, सेफ स्लाइम, ने न सिर्फ बच्चों बल्कि उनके माता-पिता को भी प्रभावित किया। फंडूलैब्स क्रिएटिव लर्निंग प्रा. लि. खासतौर पर केमिस्ट्री पर आधारितडीआईवाई साइंटिफिक किट्सऔरसेंसरी टॉयजबनाने में माहिर है। ये सुरक्षित और नॉन-टॉक्सिक स्लाइम, स्क्विशी और स्नो-मेकिंग किट्स 3 से 14 साल तक के बच्चों के लिए तैयार किए जाते हैं। लेकिन शो के दौरान सबको तब और ज्यादा आश्चर्य हुआ जब नैतिक की 14 वर्षीय बेटी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ एक लाइव डेमो पेश किया। उनकी इस शानदार प्रस्तुति नेनमिता थापर को खासा प्रभावित किया, वहींअनुपम मित्तल ने नैतिक को बिना दाढ़ी वाला असली सांता क्लॉज़ कहकर उनकी तारीफ की। नैतिक ने अपने सफर के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने फंडूलैब्स की शुरुआत विज्ञान और टेक्नोलॉजी को मजेदार बनाने की सोच के साथ की थी।

## मिआ बाए तनिष्क ने मिलाए स्विगी इन्स्टामार्ट के साथ हाथ, चांदी के आभूषण अब पाएं 10 मिनटों में

**मुंबई , एजेंसी।** भारत के सबसे ट्रेंडी प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांडों में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने स्विगी इन्स्टामार्ट के साथ सहयोग करके, बहुत ही तेज़ी से बढ़ते हुए क्विक कॉमर्स क्षेत्र में कदम रखा है। इस हफ्ते से मिआ का बेहद खूबसूरत, अनोखा और बेजोड़ चांदी के आभूषणों का कलेक्शन स्विगी इन्स्टामार्ट पर 35 से ज़्यादा शहरों में उपलब्ध होगा - गुरगांव, दिल्ली, कोलकाता, पुणे, बंगलोर, चेन्नई, मुंबई और हैदराबाद। उपभोक्ताओं को चांदी के आभूषण सिर्फ 10 मिनटों में उनके घर पर पहुंचाने के लिए यह सहयोग किया गया है। स्विगी इन्स्टामार्ट को उनके बेजोड़ कम्युनिकेशन और परिचालन में उत्कृष्टता के लिए पहचाना जाता है, क्विक कॉमर्स में मार्केट लीडर के रूप में उनके स्थान का लाभ यह साझेदारी उठाएगी और उपभोक्ताओं के इ-कॉमर्स अनुभव को उन्नत करेगी। यह साझेदारी मिआ बाए तनिष्क की ओम्नी-चैनल उपस्थिति का विस्तार करने की स्ट्रैटेजी के अनुरूप है। यह ब्रांड कई अलग-अलग सेल्स चैनल्स के ज़रिए नए उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहता है। क्विक कॉमर्स मार्किट में प्रेशियस ज्वेलरी की मांग लगातार बढ़ रही है उसे पूरा करने के लिए मिआ अपने बेहद खूबसूरत और अनोखे सिल्वर ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत कर रहा है। कोई खास मौका हो या सोच-समझकर दिया जानेवाला गिफ्ट, मिआ के चांदी के आभूषण उसमें शान और शगुन की चमक जोड़ेंगे।

# उप राष्ट्रपति JD वेंस ने पेरिस में मुलाकात के बाद कहा- प्रधानमंत्री मोदी दयालु और विनम्र

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई एक्शन शिखर सम्मेलन के अवसर पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की। उससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को पीएम मोदी के इस विचार की सराहना की कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी इंसानों की जगह नहीं ले सकता, लेकिन यह लोगों को अधिक उत्पादक बनाएगा और उन्हें अधिक स्वतंत्रता प्रदान करेगा।पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा पेरिस में एआई एक्शन समिट को संबोधित करने के बाद बोलते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि मैं पीएम मोदी की बात की सराहना करता हूं। मेरा वास्तव में माननाहै कि एआई लोगों को सुविधा प्रदान करेगा और उन्हें अधिक उत्पादक बनाएगा। यह इंसानों की जगह नहीं लेगा, यह कभी भी इंसानों की जगह नहीं लेगा।



वेंस ने कहा, मुझे लगता है कि एआई उद्योग में बहुत से नेता, जब वे श्रमिकों की जगह लेने के डर के बारे में बात करते हैं, तो वे वास्तव में इस बिंदु को भूल जाते हैं। एआई हमें अधिक उत्पादक, समृद्ध और स्वतंत्र बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाला अमेरिकी प्रशासन एआई के लिए एक श्रमिक-समर्थक विकास पथ बनाए रखेगा ताकि यह अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन सके। बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि एआई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया रूप दे रहा है। पीएम मोदी ने कहा, एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। लेकिन, यह मानव इतिहास में प्रौद्योगिकी के अन्य मील के पत्थरों से बहुत अलग है। उन्होंने यह भी कहा कि एआई स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सुधार करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। नौकरियों का नुकसान एआई का सबसे भयावह व्यवधान है। लेकिन, इतिहास ने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम गायब नहीं होता है। इसकी प्रकृति बदल जाती है और नए प्रकार की नौकरियां पैदा होती हैं। हमें एआई-संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल और पुन: कौशल प्रदान करने में निवेश करने की आवश्यकता है। वहीं अपने भाषण में, वेंस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अत्यधिक विनियमन के खिलाफ भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि एआई का अत्यधिक विनियमन एक परिवर्तनकारी उद्योग को खत्म कर सकता है, जैसे ही यह आगे बढ़ रहा है। हम एआई समर्थक विकास नीतियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और मैं देखना चाहूंगा कि इस सम्मेलन में नियामकीय पहलू बड़ी बातचीत में अपना रास्ता बना रहा है।

हालांकि, वेंस ने चेतावनी दी कि एआई को वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहिए। हमें बहुत दृढ़ता से लगता है कि एआई को वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त रहना चाहिए। उन्होंने कहा, अमेरिकी एआई को सत्तावादी सेंसरशिप के लिए एक उपकरण के रूप में सह-चुना नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एआई अन्य विदेशी देशों के साथ साझेदारी करे। उन्होंने कहा, यह प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एआई तकनीक दुनिया भर में स्वर्ण मानक बनी रहे और हम अन्य विदेशी देशों और निश्चित रूप से व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार हैं क्योंकि वे एआई के अपने स्वयं के उपयोग का विस्तार करते हैं।

## फाइबरवेब इंडिया लिमिटेड ने 9एम एफवाय25 में शुद्ध लाभ में 167 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** फाइबरवेब (इंडिया) लिमिटेड (एनएसई - एफआईबीईआरडब्ल्यूईबी बीएसई - 507910), जो 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाई है और नॉन-वोवन फैब्रिक के निर्माता हैं, ने तीसरी तिमाही और 9 महीने एफवाय25 के अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है।

वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, फाइबरवेब (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक, श्री भावेश पी शेठ ने कहा, हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन हमारी सामरिक पहल और परिचालन दक्षता की प्रभावशीलता को दर्शाता है। 9एम एफवाय25 के लिए शुद्ध लाभ में 167 प्रतिशत की सालाना वृद्धि मजबूत मार्जिन बनाए रखते हुए निरंतर पैमाने पर बढ़ने की हमारी क्षमता को रेखांकित करती है। इस वृद्धि में कई प्रमुख कारकों ने योगदान दिया है, जिनमें विभिन्न उद्योगों में गैर-बुने हुए कपड़ों की बढ़ती मांग, बेहतर उत्पाद मिश्रण और बढ़ी हुई परिचालन क्षमताएं शामिल हैं। बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों के साथ स्पनलेस फैब्रिक्स में हमारा विस्तार भविष्य के लिए तैयार नवाचार की दिशा में एक कदम है, जो 200 करोड़ के धन संग्रह द्वारा समर्थित है।

इसके अतिरिक्त, हमारी क्रेडिट रेटिंग की पुन: पुष्टि हमारे वित्तीय स्थिरता और हमारे हितधारकों के विश्वास को दर्शाती है। कच्चे माल की सोर्सिंग को अनुकूलित करने, उच्च मार्जिन वाले क्षेत्रों में विस्तार करने और पैमाने की अर्थव्यवस्था का लाभ उठाने की हमारी क्षमता ने लाभप्रदता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मित्सु केम प्लास्ट लि. ने क्यू3 एफवाय25 में 81 करोड़ की आय दर्ज की

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) (बीएसई: 540078), जो पॉलिमर-आधारित मोल्डेड उत्पादों, विशेष रूप से अस्पताल फर्नीचर के हिस्सों में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, ने क्यू3 और 9एम एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। टिप्पणी करते हुए, मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री संजय डेढ़िया ने कहा, प्रमुख उद्योगों में लगातार मांग और नवाचार, परिचालन दक्षता और ग्राहक-केंद्रित समाधानों पर हमारे निरंतर फोकस के कारण हमारा विकास पथ मजबूत बना हुआ है। व्यापक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद, हमने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करना और अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना जारी रखा है, जिससे हमारे हितधारकों के लिए निरंतर मूल्य सृजन सुनिश्चित होता है। इसके अतिरिक्त, हमारे निर्यात खंड ने मजबूत गति प्राप्त की है, जो हमारे स्वास्थ्य देखभाल उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाता है और हमने अपने पोर्टफोलियो में कुछ देशों को भी जोड़ा है।

## जब कंवलजीत सिंह ने 'बड़ा नाम करेंगे' के सेट पर सबको रूलाया !

**मुंबई , एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता कंवलजीत सिंह भारतीय फिल्म और टेलीविजन उद्योग के अनुभवी कलाकारों में से एक हैं। वह अपने संवेदनशील और दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ 'बड़ा नाम करेंगे' की शूटिंग के दौरान उनका एक ऐसा इमोशनल सीन था, जिसने न केवल उनकी शानदार अभिनय क्षमता को साबित किया, बल्कि पूरी कास्ट और क्रू के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। अभिनेता कंवलजीत सिंह ने इस महत्वपूर्ण दृश्य पर विचार साझा करते हुए कहा, हमारे निर्देशक पलाश ने एक भावनात्मक क्लाइमैक्स की कल्पना की थी, जहाँ मेरे किरदार आनंद राठी को रोना था। शुरुआत में, मैं थोड़ा संकोच में था, क्योंकि मुझे लगा कि एक परिवार के मुखिया के लिए इतनी गहरी भावनाएँ व्यक्त करना असामान्य हो सकता है। लेकिन अपनी राय साझा करने के बाद, हम एक मध्य मार्ग पर पहुंचे। अंततः, मैंने निर्देशक की दृष्टि पर भरोसा किया—आखिरकार, उन्हें पूरी कहानी की समग्र दृष्टि होती है। मुझे याद है कि इस दृश्य को लेकर हमारी गहरी चर्चाएँ हुई थीं, और जब वह क्षण आया, तो न केवल मैं बल्कि पूरी कास्ट और क्रू भी भावनाओं में बह गए। यह दृश्य बेहतरीन बना और वही भावना दर्शाने में सफल रहा, जिसकी कल्पना पलाश ने की थी। एक अभिनेता के रूप में, दर्शकों के दिलों को छूने से बड़ी कोई खुशी नहीं होती। मैं पलाश जी का आभारी हूँ कि उन्होंने इस दृश्य को इतनी बारीकी से निर्देशित किया९

# डोनाल्ड ट्रम्प ने FCPA कानून को किया स्थगित, इधर अडानी कंपनियों के शेयर उछले



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने 10 फरवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1977 के विदेशी भ्रष्टाचार प्रथाओं अधिनियम के कार्यान्वयन को निलंबित किया गया है। यह कदम अमेरिकी व्यापार प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उठाया गया है। इस निर्णय से अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी को राहत मिली है, जिन्हें पिछले वर्ष अमेरिकी अधिकारियों द्वारा FCPA के तहत आरोपित किया गया था।

नवंबर 2024 में, अमेरिकी न्याय विभाग ने अदानी, उनके भतीजे सागर अदानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगाया था कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत देकर अनुकूल सौर ऊर्जा अनुबंध प्राप्त करने के लिए एक रिश्वत योजना का संचालन किया। इस आरोप में प्रतिभूति धोखाधड़ी, वायर धोखाधड़ी और FCPA का उल्लंघन शामिल है।

FCPA एक अमेरिकी कानून है जो विदेशी अधिकारियों को व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए रिश्वत देने पर रोक लगाता है। इसके एंटी-ब्राइबरी प्रावधान अमेरिकी संस्थाओं के लिए ऐसे रिश्वतों को अवैध बनाते हैं, भले ही वे विदेश में किए गए हों, जबकि इसके लेखा प्रावधान सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के लिए सटीक रिकॉर्ड-कीपिंग और आंतरिक नियंत्रण अनिवार्य करते हैं। FCPA का मुख्य उद्देश्य नैतिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार से लड़ना है।

व्हाइट हाउस द्वारा जारी कार्यकारी आदेश में अटॉर्नी जनरल को निर्देश दिया गया है कि वे सभी FCPA से संबंधित कार्यों को तब तक रोक दें जब तक कि संशोधित कार्यान्वयन दिशानिर्देश जारी नहीं किए जाते। भविष्य की जांच और कार्यान्वयन कार्रवाइयों के लिए नए ढांचे के तहत अटॉर्नी जनरल की मंजूरी आवश्यक होगी, जिसका उद्देश्य अमेरिकी कंपनियों पर नियामक बोझ को कम करना है। व्हाइट हाउस के अनुसार, FCPA का आक्रामक कार्यान्वयन अमेरिकी व्यवसायों को असमान स्थिति में डाल रहा है, क्योंकि यह उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के बीच सामान्य प्रथाओं में संलग्न होने से रोकता है।प्रशासन का तर्क है कि यह कानून, जिसे मूल रूप से कॉर्पोरेट रिश्वत पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया था, नियामकों द्वारा अत्यधिक बढ़ा दिया गया है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को गहरे समुद्री बंदरगाहों और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे रणनीतिक संपत्तियों को सुरक्षित करने में कठिनाई हो रही है। कार्यकारी आदेश में पिछले और चल रहे FCPA मामलों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे नए कार्यान्वयन प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं या नहीं।

## इंडियावुड 2025: लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**दिल्ली एजेंसी।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्गमेस्से के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पांच बार ट्रैफिक सिग्नल तोड़ा तो लाइसेंस रद्द होगा, इंदौर के 14 चौराहों पर ITMS लगा



**नई दिल्ली।** ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करने वालों के साथ अब ट्रैफिक पुलिस सख्ती करने जा रही है। अब ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वालों का बच निकलना आसान नहीं होगा। अब दूसरी बार सिग्नल तोड़ते ही सूचना ऑटोमैटिक वायरलेस सेट पर मिल जाएगी। साथ ही लोकेशन भी मिलेगी कि गाड़ी किस चौराहे से निकली है। इसके बाद उस गाड़ी को जब्त कर लिया जाएगा। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) में ऐसे कुछ अपडेट करने के लिए दिल्ली की टीम काम कर रही है।

शहर के 14 चौराहों पर लगे आईटीएमएस में यह जरूरी बदलाव होंगे। क्योंकि, अभी सिग्नल तोड़ने वाले चालकों को पकड़ने के लिए ट्रैफिक टीम मैन्युअली काम करती है। फिलहाल सबसे बड़ी कमी यह थी कि कोई गाड़ी लगातार सिग्नल तोड़ रही है, तो उसकी सूचना देर से मिलती थी। अब ऐसा सिस्टम बनाया जा रहा है कि किसी वाहन ने लगातार दूसरे चौराहे पर गलती की, तो उसकी सूचना तुरंत सेट पर पहुंचेगी। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक जवान उस गाड़ी को पकड़ लेंगे।

### लाइसेंस ऑटोमैटिक रद्द होगा

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों अफसरों के मुताबिक, लगातार 5 ई-चालान वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए आरटीओ को पत्र लिखना पड़ता था। कुछ महीने बाद ये प्रोसेस ऑटोमैटिक हो जाएगी। यानी जैसे ही किसी वाहन के 5 चालान बने, तो इसकी जानकारी ऑनलाइन आरटीओ विभाग में पहुंच जाएगी। वहां से सीधे वाहनों के इंश्योरेंस या चालक के लाइसेंस रद्द हो जाएंगे।

### यहां लगा है आईटीएमएस सिस्टम

एलआईजी, रसोमा, स्कीम 78, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, लक्ष्मी बाई प्रतिमा चौराहा, टाटा स्टील चौराहा, पल्हर नगर, रामचंद्र नगर, होमगार्ड चौराहा, पीपल्याहाना, बॉम्बे हॉस्पिटल, बंगाली चौराहा, पत्रकार कॉलोनी चौराहा और गिटार चौराहे पर आईटीएमएस काम कर रहा है।

# दिल्ली बनेगी भारत की विंटेज कार राजधानी

### 21 से 23 फरवरी तक ऐतिहासिक ऑटो शो मेंदिखेंगी दुर्लभ विंटेज कारें






**नई दिल्ली।** दिल्ली.एनसीआर अब भारत कीविंटेज कार राजधानी के रूप में अपनी पहचान को और मजबूतकरने जा रहा है। देश के सबसे प्रतिष्ठित विंटेज और क्लासिक कारशो 21 गन सैल्यूट कॉन्कोर्स डीष्एलीगेंस के 11वें संस्करण का भव्यआयोजन 21 से 23 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। यहऐतिहासिक कार रैली इंडिया गेट से प्रारंभ होकर एंबिएंस ग्रीन्सए गोल्फकोर्सए गुरुग्राम में समाप्त होगी।

यह आयोजन वैश्विक विंटेज मोटरिंग कैलेंडर में एक प्रतिष्ठितस्थान बना चुका है। इस बार, शो में 125 दुर्लभ विंटेज औरक्लासिक कारों के साथ 50 हेरिटेज मोटरसाइकिलें प्रदर्शित कीजाएंगी। इस भव्य आयोजन में 1939 की प्रतिष्ठित डेलाहाये फिगोनी एटफ्लास्की जैसी दुर्लभ विंटेज कारों को प्रदर्शित किया जाएगा।इसके अलावाए रोल्स.रॉयसए बेंटलेए कैडिलैकए फोर्ड और एस्टनमार्टिन जैसी विश्व प्रसिद्ध कारों की झलक देखने को मिलेगी। इस बार तीन दुर्लभ विंटेज कारें दृ 1932 लांसिन ऑस्टुरापिनिनफेरिना, 1936 एसी 16४70 स्पोर्ट्स कूपे और 1948 बेंटलेमार्क 6 ड्रॉपहेड कूपे दृ पहली बार इस आयोजन में प्रदर्शित होंगी। यह आयोजन न केवल ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए विशेष होगाबल्कि भारतीय संस्कृति के रंग भी बिखेरेगा। कथकए भरतनाट्यम, कथकली सहित राजस्थान, उत्तराखंड और हरियाणा के लोकनृत्यभी इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ाएंगे। 21 गन सैल्यूट हेरिटेज एंड कल्चरल ट्रस्ट के संस्थापक एवं मैनेजिंगट्रस्टी श्री मदन मोहन ने इस ग्लोबल हेरिटेज मोटरिंग के आयोजनपर प्रकाश डालते हुए कहा दृष्हम भारत को वैश्विक विरासतमोटरिंग पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए हर साल नएमानक तय कर रहे हैं। इस वर्ष का आयोजन अपनी भव्यता औरदुर्लभ कारों की मौजूदगी के कारण ऐतिहासिक होने वाला है।दुनियाभर से विंटेज कार कलेक्टरए विशेषज्ञ और ऑटोमोबाइल प्रेमीइस शो में भाग लेंगे।ष

उन्होंने कहाए शिदल्ली.एनसीआर अब भारत की विंटेज कारराजधानी के रूप में उभर रहा है। यहाँ का आधुनिक बुनियादी ढांचाए बढ़ता ऑटोमोबाइल उद्योग और लग्जरी कार ब्रांडों की उपस्थितिइसे क्लासिक कार कलेक्टरों और प्रेमियों के लिए एक आकर्षककेंद्र बना रही है। गुरुग्राम अब विंटेज कार संरक्षण और विरासतमोटरिंग का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

**आयोजन के प्रमुख आकर्षण:** जूनियर कॉन्कोर्स ग्रां प्री बच्चों और परिवारों के लिए विशेष इंटरएक्टिव गतिविधिए जो युवापीढ़ी को क्लासिक कारों की दुनिया से जोड़ने का प्रयास करेगी।

**ऐतिहासिक नीलामी:** विंटेज कारों और दुर्लभ ऑटोमोबिलिया की एक लाइव ऑक्शनए जिसमें कलेक्टरों और उत्साही लोगों को ऐतिहासिक वाहनों कोखरीदने का अवसर मिलेगा।

**21 गन सैल्यूट मोटरिंग कॉन्फ्रेंस .** गुरुस्पीक्स टेक टॉक मोटरिंग इतिहास और तकनीकी नवाचारों पर चर्चा करने के लिएविशेषज्ञों और दिग्गजों की विशेष बैठक।

**कॉन्कोर्स फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता:** फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए विशेष प्रतियोगिताए जिसमें वे इस शो मेंप्रदर्शित विंटेज कारों की सुंदरता को अपने कैमरे में कैद कर सकतेहैं।

श्री मदन मोहन एवं 21 गन सैल्यूट हेरिटेज एंड कल्चरल ट्रस्टके बारे में

श्री मदन मोहन भारत के प्रतिष्ठित विंटेज कार कलेक्टरों में से एकहैं। उनकी रुचि बचपन से ही राजस्थान की शाही विंटेज कारों कोदेखकर जगी। मात्र 11 वर्ष की उम्र में उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी यात्राशुरू की और आज भारत में सबसे समृद्ध विंटेज कार कलेक्शन केस्वामी हैं।वे 21 गन सैल्यूट हेरिटेज एंड कल्चरल ट्रस्ट के संस्थापकऔर मैनेजिंग ट्रस्टी हैंए जिसका उद्देश्य विंटेज मोटरिंग संस्कृति औरविरासत पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके अलावाए वे डेनेब एंडपोलक्स ग्रुप के चेयरमैन भी हैंए जो लक्ज़री ट्रांसपोर्टए हॉस्पिटैलिटीऔर एविएशन में कार्यरत है।

उनके नेतृत्व में 21 गन सैल्यूट इंटरनेशनल विंटेज कार रैली एंडकॉन्कोर्स डीष्एलीगेंस एक वैश्विक आयोजन बन चुका हैए जोदुनियाभर के कलेक्टरों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने काकार्य करता है। मदन मोहन की यह प्रतिबद्धता आने वालीपीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## आप में अभिमान नहीं है तो आपका जीवन सफल: सांसद संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर सांसद के विचार

छिंदवाड़ा। सांसद ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर उन्हें कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि संत रविदास जी मन की पवित्रता पर जोर देते हैं। रविदास जी कहते हैं, जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है, उसके बुलाने पर मां गंगा एक कठौती में भी आ जाती हैं। निर्मल मन में ही भगवान वास करते हैं। अगर आपके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है, तो आपका मन ही भगवान का मंदिर, दीपक और धूप है। ऐसे पवित्र विचारों वाले मन में प्रभु सदैव निवास करते हैं। सांसद श्री साहू ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। उन्होंने कहा की संत रविदास द्वारा दर्शाया गया श्रद्धा, भक्ति, समानता और करुणा का मार्ग समाज को एकजुट रखने के साथ-साथ दृढ़ चरित्र निर्माण का भी मार्ग प्रशस्त करता है। सांसद श्री साहू ने बताया कि संत रविदास कहते थे कि ईश्वर की भक्ति बड़े भाग्य से प्राप्त होती है. यदि आप में थोड़ा सा भी अभिमान नहीं है तो निश्चित ही आपका जीवन सफल रहता है ठीक वैसे ही जैसे एक विशालकाय हाथी शक्कर के दानो को बिन नही सकता लेकिन एक तुच्छ सी दिखने वाली चींटी शक्कर के दानों को आसानी से बिन लेती है। राम, कृष्ण, हरी, ईश्वर, राघव सब एक ही परमेश्वर के अलग अलग नाम है वेद, पुराण आदि सभी ग्रंथो में एक ही ईश्वर का गुणगान किया गया है, और सभी ईश्वर की भक्ति के लिए सदाचार का पाठ सिखाते हैं। संत रविदास ने हमेशा जातिवाद को त्याग कर प्रेम से रहने की शिक्षा दी।

## बर्दिया में सियार के हमले से बुजुर्ग घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**अमरवाड़ा।** नगर के समीपस्थ ग्राम बर्दिया में सियार के हमले से बुजुर्ग व्यक्ति हुआ घायल जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार के सुबह की है जहां बर्दिया निवासी धनीराम डेहरिया उम्र 60 वर्ष कुदवारी रोड स्थित खेत में पानी बगाने गया था तभी अचानक यार ने जानलेवा हमला कर दिया और मुंह और हाथ पैर में जमकर काट दिया जिसकी वजह से वह जख्मी हो गए मौके पर आसपास के लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचित करते हुए सियार को वहां से भगाया और पीड़ित व्यक्ति को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है

## क्रिश्चन क्लब, यूनाइटेड क्लब के बीच आज होगा फाइनल मुकाबला

**छिंदवाड़ा।** जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता पुलिस ग्राउण्ड में खेली जा रही है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि प्रतियोगिता में स्टेट लेवल के अम्पायर अशरफ खान व अमन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दिनाँक 11 फरवरी को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए पहला मैच यूनाइटेड क्लब विरूद्ध फ्रेंड्स क्लब के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी स्टोक में यूनाइटेड क्लब विजयी हुई तथा दूसरा मैच क्रिस्चन क्लब विरूद्ध ब्रदर्स क्लब के बीच मे खेला गया जिसमें क्रिस्चन क्लब 2-0 से विजयी रही क्रिस्चन क्लब की ओर से सोनू ओर समर्थ ने एक एक गोल किये। आज यूनाइटेड क्लब विरूद्ध क्रिस्चन क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। खिलाड़ों के उत्साह वर्धन हेतु नगरनिगम अध्यक्ष सोनू मांगो, सह कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव, जाकिर परवेज, टिंकू राय,आरिफ ठाकुर, अज़हर खान ,संघ के सचिव सारिक सिद्दीकी, अंतरराष्ट्रीय खिलाडी रविकान्त अहिरवार ,श्रीमती चंदकिरण पॉल ,जावेद खान ,नवेद खान, हॉकी संघ उपाध्यक्ष जावेद खान ,राशिद खान, नईम खान , जेक्शन कुमार ,सैय्यद अस्सु अली ,अज़हर खान,आरिफ खान,नूर मोहम्मद, सोबी कुरैशी व इमरान सिद्दीकी सहित हॉकी संघ के पदाधिकारि ,हॉकी क्लबो के खिलाड़ी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया।

## माहुलझिर क्षेत्र में अज्ञात कार की टक्कर से घायल हुई स्कूल छात्रा

### डायल-112/100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल

**छिंदवाड़ा।** थाना माहुलझिर क्षेत्र में झिरपा बस स्टैंड के पास अज्ञात कार की टक्कर से एक स्कूल छात्रा घायल हो गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 10-02-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल माहुलझिर थाना क्षेत्र तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/10 स्टाफ प्रधान आरक्षक नरेश, आरक्षक नीरज ठाकुर एवं पायलेट संजय चौबे,राजा नरवरे ने मौके पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कार की टक्कर से घायल हुई स्कूल छात्रा को डायल-112/100 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर सिविल अस्पताल पिपरिया में भर्ती करवाया। जहाँ घायल छात्रा का उपचार किया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि व होली पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये:कलेक्टर



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गतदिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में महाशिवरात्रि और होली पर्व की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं और होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में नगरपालिक निगम के महापौर श्री विक्रम अहके के साथ ही समिति के सभी अशासकीय सदस्य और एसपी श्री अजय कुमार पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एडीएम के.सी.बोपचे व एसडीएम सुधीर कुमार जैन सहित समिति के सभी शासकीय सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े पर्वो को आनंद के उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों में एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान जरूरी है। महाशिवरात्रि मेले के दौरान जिले के सभी प्रमुख मंदिरों बड़ा महादेव, मंदिर सहित अन्य स्थलों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## उत्कृष्ट सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सौंसर में भृत्य निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड सौंसर के उत्कृष्ट सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सौंसर के भृत्य श्री आकाश धुर्वे को संस्था से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व मदिरा का सेवन कर संस्था में उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### छिंदवाड़ा शहर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिये...

# सभी चिकन शॉप बैकयार्ड पॉल्ट्री फॉर्म को तत्काल प्रभाव से बन्द रखे जाने के आदेश जारी



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह ने संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल एवं आयुक्त पशुपालन, मंत्रालय, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के पत्र 10 फरवरी 2025, एवियन इनफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की रोकथाम एवं बचाव के लिये पशुपालन विभाग भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 में जारी एक्शन प्लान में दिये गये निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा शहर में विक्री चिकन शॉप एवं नॉवेल्टी चिकन शॉप वार्ड नंबर-30 एवं वार्ड नंबर-03 के बिल्ली पालकों के घर ॥5ह1 एवियन इनफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के सैम्पल पॉजिटिव पाये जाने के कारण भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये 01 किलोमीटर के दायरे में नगर निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड नम्बर 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 को ॥5ह1 एवियन इनफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) से संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है तथा सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र छिन्दवाड़ा, ग्राम पंचायत लिंगा को एवियन इनफ्लूएंजा (वर्ड फ्लू) सर्वेलेंस क्षेत्र घोषित कर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जिसके अनुसार संक्रमित क्षेत्र में आगामी आदेश तक सभी चिकन शॉप बैकयार्ड पॉल्ट्री फॉर्म को तत्काल प्रभाव से बन्द रखे जाने के आदेश दिये गये हैं। संक्रमित क्षेत्र में चिकन एवं पॉल्ट्री प्रोडक्ट की बिक्री एवं परिवहन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। संक्रमित क्षेत्र में पायी गयी सभी मुर्गियों एवं उनके उत्पादनों (अंडों) को पशु चिकित्सा विभाग एवं नगर निगम के सहयोग से कलिंग एवं सुरक्षित निस्तारण कराना अनिवार्य होगा। संक्रमित क्षेत्र की बिल्लियों एवं पशु-पालकों को अपने पशुओं के बीमार होने पर भी तत्काल प्रभाव से आइसोलेट करके घर में ही एक निश्चित व्यक्ति के संरक्षण में रखना होगा एवं पशु चिकित्सा विभाग को सूचना देना अनिवार्य होगा। संक्रमित क्षेत्र के निवासियों से अपेक्षा होगी कि वे आगामी आदेश तक चिकन (पॉल्ट्री), अंडे आदि का उपयोग नहीं करेंगे और ना ही अपने पशुओं को कच्चे पॉल्ट्री उत्पाद खिलायेंगे। सर्वेलेंस क्षेत्र में पॉल्ट्री फॉर्म, बैकयार्ड पॉल्ट्री, चिकन शॉप, अंडा शॉप को प्रतिदिन डिसइन्फेक्टेड एवं सेनेटाईजेशन किया जाना अनिवार्य होगा तथा पक्षियों/पशुओं की असामान्य मृत्यु की सूचना तत्काल प्रभाव से पशु चिकित्सा विभाग को देना अनिवार्य होगा। संक्रमित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ॥5ह1 पॉजिटिव पाये गये चिकन शॉप मालिकों एवं पशु पालकों के परिवारों एवं उनके सम्पर्क में आये व्यक्तियों के स्वैब नमूने लेंगे। जिले के सभी चिकन शॉप, अण्डा शॉप एवं बेकयार्ड पोल्ट्री फॉर्म आदि में डिसइनफेक्शन, सेनेटाईजेशन की कार्यवाही की जायेगी। मुख्य मटन मार्केट वार्ड क्रमांक 30 के 01 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र के सभी होटल एवं ढाबा व्यवसाईयों को निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी प्रकार के पॉल्ट्री, अंडे एवं मांसाहारी भोजन 21 दिवस तक ग्राहकों को विक्रय नहीं करेंगे। आम नागरिकों को यह सूचित किया गया है कि सभी पॉल्ट्री, अण्डों की दुकानों से अपने को दूर रखें एवं आसपास साफ-सफाई रखें तथा बीमार एवं मृत पक्षियों एवं पशुओं की सूचना ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नम्बर 07162-222297, 9893585457 पर दें। यह आदेश आम जनता को संबोधित है। चूंकि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियां नहीं है और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जा सके। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। जो व्यक्ति, संगठन, समिति, संस्था इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरूध्द भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

### 38 हजार अंडे और 147 मुर्गियां दफन

बर्ड फ्लू की दस्तक के साथ ही जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है इसी की चलते छिंदवाड़ा में38 हजार से अधिक अंडे नष्ट और 500 मुर्गे-मुर्गियां के साथ ही वहीं 758 मृत मुर्गियों कोजिला प्रशासन की देखरेख दफनाई गई..बर्ड फ्लू की दस्तक के बीच प्रशासन की कार्यवाही लगातार जारी है। आज मटन व चिकन मार्केट को सील करने के साथ यहां 30 दिन के लिए मटन-चिकन और अंडे की बिक्री बंद करवा दी गई है।इसके साथ ही प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए मंगलवार को मटन मार्केट क्षेत्र से 38 हजार से अधिक अंडे जब्त करके नष्ट किए। साथ ही 500 मुर्गे-मुर्गियां जब्त करने के साथ ही वहीं 758 मृत मुर्गियों को शहर के बाहर जामुनझिरी कचरा घर के पास गड्ढा खोदकर दफना दिया गया।प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि आने वाले कुछ दिनों तक चिकन-मटन और अंडे का सेवन करने से बचें।

## रीवा ट्रेन को छिंदवाड़ा से प्रारम्भ किया जा सकता है

### भाजपा एवं कांग्रेस दोनों के नेता किसी ने रेल मंत्री को पत्र नहीं लिखा



**छिंदवाड़ा।** कुम्भ 26 फरवरी तक है, नागपुर से रीवा ट्रेन चलती थी जो सौंसर में पुल के क्रेक होने पर बन्द कर दी गई। रेल मंत्रालय को थोड़ी भी समझ होती तो वह इस ट्रेन को छिंदवाड़ा से रीवा तक प्रारम्भ कर सकती थी, रीवा से प्रयाग राज पास में है श्रद्धालू वहां से बस टैक्सी या अन्य ट्रेनों से जा सकते थे, किन्तु रेल्वे ने कोई कोशिश नहीं की। जिले के भाजपा सांसद, छिंदवाड़ा में विधायक कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री व जिले के 6 विधायक जिसमें एक भाजपा का और पांच कांग्रेस के है, किसी ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर मांग नहीं की कि रीवा ट्रेन को छिंदवाड़ा से प्रारम्भ किया जावे, दोनों राजनैतिक दलों का दबाव पड़ता तो रेल इस ट्रेन को प्रारम्भ कर सकता था, क्योकि रेल्वे को शेड्यूल में यह ट्रेन है, इसके लिए रीवा तक ट्रेक खाली था किन्तु किसी ने प्रयास नहीं किया अभी प्रयास करे तो यह ट्रेन प्रारम्भ की जा सकती है और गरीब श्रद्धालू कुम्भ स्नान का फायदा उठा सकते है।

## जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान



**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे के निर्देशन में जिले में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में परासिया अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जिला छिंदवाड़ा जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। परासिया अनुभाग में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईडीसी परासिया एवं न्यू आराधना कॉन्वेंट स्कूल मैगजीन लाइन परासिया के टीचर स्टाफ एवं 200 से 250 छात्र-छात्राओं एवं पत्रकार बंधु की उपस्थिति में नीलकमल शॉपिंग मॉल परासिया पर साइबर संबंधी हो रहे अपराध के संबंध में प्रोजेक्टर एवं संवाद द्वारा पिक्चर दिखाकर एवं उदाहरण के माध्यम से सभी को जागरूक एवं प्रचार प्रसार का विस्तृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान में थाना परसिया से थाना प्रभारी जे.मसराम, उप निरीक्षक नरेंद्र तिवारी, उपनिरीक्षक रवेद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक 329 धर्मदास यादव, आरक्षक 309 संजय बघेल उपस्थित रहे।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर जागरूकता...

## सतर्क रहकर करें इंटरनेट का इस्तेमाल, व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें: कलेक्टर

### ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें



छिन्दवाड़ा। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) श्री राजहंस गोडाने ने कलेक्टर श्री शीले‍?द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे एवं जिले के सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में डिजिटल युग में इन्टरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान सभी एसडीएम और खंड स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने छिंदवाड़ा जिले के सभी नागरिकों से सतर्क रहकर इंटरनेट का इस्तेमाल करने और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने की अपील की है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी. गोडाने ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट का उपयोग व्यापक रूप से बढ़ गया है, जिसके साथ ही ऑनलाइन सुरक्षा के खतरे भी बढ़ गए हैं। उन्होंने नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से मजबूत पासवर्ड रखने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अकाउंट पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन शुरू करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी कम से कम साझा करने, ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए साइबर स्वच्छता के सुझाव भी दिए, जिनमें अज्ञात एप डाउनलोड न करना, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग न करना और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना शामिल है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की भी जानकारी दी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन देश सेवा और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहा: यादव

### भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



छिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय दीनदयाल पार्क में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दीनदयाल पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मना रही है। इस अवसर पर भाजपा रीति अनुसार आजीवन सहयोग निधि संकलन का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष और एकात्मवाद मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन देश सेवा और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को आत्मसात कर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए कृत संकल्पित है।झ इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, जिला महामंत्री श्रीमती कांता ठाकुर, महापौर विक्रम अहाके, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, धर्मेन्द्र मिगलानी, दिवाकर सदारंग, अजय सक्सेना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, जितेन्द्र शाह, अलकेश लाम्बा, राजेश बैस, संदीप सिंह चौहान, विक्रम सोनी, दीपक कोल्हे, अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, अभिलाष गोहर, रंगू यादव, बंटी उईके, दिव्यकांत यादव, जगदीश गोदरे, सुरेश उइके, भरत घई, प्रमोद शर्मा, लोकेश डेहरिया, कृपाशंकर सूर्यवंशी, माइकल पहाड़े पंकज पाटनी, दिनेश मालवी, ओम चौरसिया, अमरसिंह मरावी, नीरज भारद्वाज, प्रतीक दामोदर, राजेश मोखलगाय, दिन्शू यादव, शैलेन्द्र यादव, इन्द्रजीत सिंह बैस, रोहित पोफली, पंकज शुक्ला, श्रीमती सुमन बज, श्रीमती मीना दुबे, श्रीमती जया विश्वकर्मा, श्रीमती वंदना विश्वकर्मा, श्रीमती श्रद्धा जैन, श्रीमती संध्या सूर्यवंशी, श्रीमती रानी सूर्यवंशी, श्रीमती विभूति सिन्हा, श्रीमती अमिता बरैया, मोरेश्वर हिवसे, सूरज पटेल, मनोज सक्सेना, अनीष पटेल, विकास राय, गयाप्रसाद वाडिवा, जीत सिंह ठाकुर, कुंदन मिगलानी, बंटी राय, परमाल रघुवंशी, मनोज मंडराह, जुगल यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इन्द्रजीत बैस ने समर्पण राशि की रसीद काटी

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मना रही है। श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा समर्पण निधि संकलन अभियान का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा भाजपा समर्पण निधि संकलन अभियान हेतु वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पाण्डेय जिला संयोजक एवं इंद्रजीत सिंह बैस सह संयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा समर्पण निधि संकलन हेतु विजय पांडे एवं इंद्रजीत सिंह बैस द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की सहयोग निधि रसीद काटकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

## 57 करोड़ का बजट 2025-26 सर्वसम्मति से पारित

### पीआईसी में पास हुए करोड़ों के विकास कार्य



**अमरवाड़ा-** नगरपालिका अमरवाड़ा की प्रेसिडेंट इन कौंसिल की बैठक नपा अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे वर्ष 2025-26 का 57 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। जलकार्य विभाग सभापति विनोद साहू ने बताया पीआईसी बैठक में सर्वसम्मति से -वार्ड 04 में रम्मू कहार से संतोष तक नाली निर्माण, वार्ड06 एवम् 13 में मल्टीपर्पस हाल निर्माण कराने, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद की शेष एक करोड़ की राशि से वार्ड - 03,04,08, 09,10,11,12 में सड़क निर्माण, विधायक निधि 07 लाख से वार्ड-06 में ईदगाह से शिवपाल ठाकुर तक सड़क निर्माण, सांसद निधि 17 लाख से वार्ड 02 में नवदीप स्कूल से ईदगाह तक एवम् शंकर राजपूत से सूर्यवंशी तक सड़क निर्माण, वार्ड 09 में संतोष विश्वकर्मा से रुक्मणी राठौर तक सड़क निर्माण,

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत एमआरएफ़ प्लांट निर्माण कार्य, फ़िल्टर प्लांट में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, वार्ड 11 में राजेश अहिरवार के घर के पास रंगमंच निर्माण, वर्ष 2025-26 टेंट सामग्री, जलप्रदाय सामग्री, विद्युत सामग्री क्रय हेतु वार्षिक निविदा आमंत्रण, साप्ताहिक जनबाज़ार, पशुबाजार निविदा आमंत्रण, विभिन्न निर्माण कार्यो की न्यूनतम दर स्वीकृति के प्रस्ताव पारित किए गए। पीआईसी बैठक में अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी, सभापति-श्रीमती संजू सूर्यवंशी, कल्पना साहू, नीतू पटेल, आरिफ़ शाह, विनोद साहू, अर्पित श्रीवास्तव, राजकुमार बरकड़े, सीएमओ रोशन सिंह बाथम, लेखपाल मनोज ठाकुर, उमाशंकर ठाकुर, जितेंद्र गौर उपस्थित रहे।

## पंच कल्याणक महा महोत्सव 15 से 19 फरवरी तक

### श्री पंच कल्याणक जी मोहखेड़ पधारने का आमंत्रण देने आए ग्रामवासी

छिंदवाड़ा। जिले से 30 द्मद्व दूर मोहखेड़ में एक अतिशयकारी मंदिर जी है श्री पार्श्वतकर्ष तीर्थ, इसका भव्य पंच कल्याणक महा महोत्सव 15 से 19 फरवरी को होने जा रहा है जिसमें पावन मंगल सानिध्य रहेगा आचार्य श्री विशुद्ध सागर के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर, मुनि श्री प्रणतसागर और आचार्य श्री विभवसागर जी के शिष्य मुनि श्री आचरण सागर, क्षुल्लक श्री व्रतसागर उपर्युक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रचारमंत्री मीडिया प्रभारी नंदन जैन ने बताया कि आज छिंदवाड़ा में महाराज श्री के प्रवचनों में मोहखेड़ गांव से समाज के सभी संगठनों के ग्रामवासी आए और श्रीफल चढ़ाकर पूरे मुनिसंघ से मोहखेड़ पधारने के लिए निवेदन किया, मुनि महाराज श्री ने सभी को खूब खूब आशीर्वाद दिया और पूरे विश्व में शांति होने की कामना से होने वाले इस महामहोत्सव महायज्ञ में सभी को चलने के लिए आव्हान किया। इस अवसर पर पंच कल्याणक के मुख्य पात्र अशोक बाकलीवाल , महासभा अध्यक्ष राजेंद्र पाटौदी , पंडित सुनील शास्त्री , मोहखेड़ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नाना भाऊ, टिंकू जैन, अमित जैन आदि सभी उपस्थित थे।

## अच्छी व्यवस्था के लिए विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विधान सभा मे महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध महादेव में दूर दूर से आने वाले भोलेनाथ के भक्तों को पूरे मेला मार्ग में अच्छी से अच्छी सुविधा उप्लब्ध कराने एवं मेले की सुविधाओं को और बेहतर बनाने शासन से राशि उपलब्ध कराने के लिए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने छिन्दवाड़ा कलेक्टर को दो पत्र लिखे है।

विधायक श्री उईके ने अपने साथियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ महादेव मेला क्षेत्र में आने वाले सभी धार्मिक स्थलों एवं ग्रामों का दौरा कर वहाँ पर श्रद्धालुओं को कैसे अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं पिछले वर्षो के मेले में क्या क्या कमी रही थी इस संबंध में क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मौके पर विचार विमर्श कर प्रशासन को व्यवस्था बनाने के लिए ये पत्र लिखे है। उन्होंने अपने पहले पत्र मे जुन्नारदेव विशाला, गारादेही, उमराड़ी, गोराखघाट, सांगाखेड़ा, नागथाना, गोरखनाथ एवं मछंदर नाथ में शौचालयों की मरम्मत कर, नल फिटिंग कराकर उनके ऊपर पानी टंकी रखवाकर उन्हें हर वक्त लोड कराया जाए, जिससे गंदगी नही होगी। इसके साथ ही सभी जगहों पर पेयजल, निस्तार का पानी, अच्छी पार्किंग व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, मोबाइल नेटवर्क की कैपिसिटी बढ़ाने, श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए वाटरप्रूफ टेंट के साथ ही गद्दों की व्यवस्था, जुन्नारदेव तामिया मार्ग पर चिखलमऊ होते हुए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था बनाने सहित व्यपारियों एवं मेला यात्रियों को बंदर के आतंक से राहत दिलाने जैसे सुझाव दिए गए है। वही दूसरे पत्र में विधायक श्री उईके ने शासन से महादेव मेले में बेहतर सुविधा के लिए राशि की मांग की है। गौरतलब है कि जुन्नारदेव विशाला एवं सांगाखेड़ा ( भूरा भगत ) में मेले की नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि से मेले में व्यवसताएँ बनाई जाती है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 78 आवेदकों की समस्यायें



छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 78 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

## छिन्दवाड़ा वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

### शिविर में सभी 128 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 128 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 128 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 62, बिल संबंधी 25, बंद/खराब मीटर संबंधी 26, नवीन कनेक्शन संबंधी 08 और 07 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 128 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 62, बिल संबंधी 25, बंद/खराब मीटर संबंधी 26, नवीन कनेक्शन संबंधी 08 और अन्य श्रेणी की 07 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

## बालक उ.मा.विद्यालय चाँद ने उपहार में प्राप्त किये दो साउंड बॉक्स

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शासकीय विद्यालय के उन्नयन के प्रयास में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद द्वारा उपहार में दो साउंड बॉक्स प्राप्त किये गए। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि गत दिवस प्रतिष्ठित व्यवसायी से साउंड मशीन प्राप्त की थी और साउंड बॉक्स की आवश्यकता थी। तो उन्होंने जनशिक्षा केंद्र चाँद के जनशिक्षक श्री चंद्रशेखर मराठा व एक व्यापारी से अनुरोध किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और कीमत रुपये 3500 के दो साउंड बॉक्स विद्यालय को भेंट किये। जिसमें व्यापारी ने एक साउंड बॉक्स गुप्त दान के रूप में भेंट किया, जिसे विद्यालय परिवार ने स्वीकार किया और दानदाताओं को विद्यालय विकास में दिए योगदान का धन्यवाद दिया।

**भरोसा और**
**निवेशकों को पहला स्थान**
**मूल्यों की नींव पर**
**मध्यप्रदेश की उड़ान**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**इन्वेस्ट मध्यप्रदेश**

अनंत संभावनाएं

24-25 फरवरी 2025, भोपाल

होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे



## असीमित संभावनाएं एवं निवेश का समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है

**आकर्षक नीतियां**
पारदर्शी नीतियों के साथ कस्टमाइज्ड पैकेज

**ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस**
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

**आधुनिक आधारभूत संरचना**
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

**पावर सरप्लस**
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

**स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी**
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक**
1 लाख + एकड़

**विस्तृत रोड नेटवर्क**
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

**पर्याप्त जल आपूर्ति**
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

www.investmp.in

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11179/24

आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025